ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 29 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-323 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आएंगी जैकलीन पेज 12 पर



1932 खतियान और ओबीसी-27%,
एसटी-28%, एससी-12% आरक्षण विधेयक पारित
पुरानी पेंशन (OPS), JPSC नियुक्ति, कृषि ऋण माफी
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, सर्वजन पेंशन
रोजगार सृजन, 100 ... फ्त बिजली, पशुधन
गुरुजी स्ट ... केडिट कार्ड
एकलव्य प्रशिक्ष ... लिफ्ट सिंचाई
शेवनिंग मरङ ... रदेशीय छात्रवृत्ति
ट्राइबल यू ... मंत्री सारथी
प्री एवं पो ... सूखा राहत
Suo Mot ... शक्तिकरण



जनसेवा के 3 वर्ष

PR No. 286047 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

### मोटर साईकिल से गिर कर व्यक्ति घायल

**मांडर।** मांडर टोल प्लाजा के समीप शाम लगभग साढ़े पांच बजे असंतुलित होकर अपने ही मोटर साईकिल से गिर कर एक व्यक्ति घायल हो गया। सोसई निवासी 25 वर्षीय श्री मिंज को घायल अवस्था में टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा मांडर रेफरल अस्पताल ईलाज के लिए लाया।जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर भेज दिया।

### तीन लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मांडर।** मांडर पुलिस ने कंदरी मोड़ के समीप से टमाटर लदे एक पिकअप वैन को रोक लूट करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायायिक अभिरक्षण में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हारिल कुम्बाटोली का मास्टर माइंड फिरोज अंसारी, चान्हो चामा चोड़ा का आलिम अंसारी तथा चामा पुरनाडीह का सफरुद्दीन अंसारी मांडर थाना कांड संख्या 224/22 वांछित अभियुक्त थे।मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव,एसआई बिनोद पासवान, प्रदीप चौबे, योगेंद्र सिंह सहित सशस्त्र बल गिरफ्तारी में शामिल थे।

### रास्ता बंद को लेकर सीओ के नाम ज्ञापन सौंपा

**सिल्ली।** ब्राह्मणडीह निवासी सनातन कोइरी, आरती देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों एवं महिलाओं ने बुधवार को अंचल कार्यालय में सीओ के नाम गावं के ही राजू तांती एवं डहरू तांती के खिलाफ एक शिकायत पत्र दिया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सालों से चलते आ रहे आम रास्ता को राजू तांती एवं डहरू तांती ने अपने स्वार्थ के लिये रास्ता रोक दिया है इससे गाववाले एवं आम आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सीओ से इस सम्बंध में उचित कारवाई करने की मांग की है।

### शराब माफिया गणेश गोराई गिरफ्तार स्पेशल टीम ने दबोचा

**रांची।** अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। आईजी अभियान अमोल वीं होमकर के अगुवाई में राज्य भर में शराब माफिया के खिलाफ जोरदार कारवाई जारी है ,इसी क्रम में रांची से वांटेड शराब माफिया गणेश गोराई को धर दबोचा गया है।गणेश की गिरफ्तारी को लेकर चार थानों की टीम कई महीनों से प्रयास कर रही थी।

### स्पेशल टीम ने किया गिरफ्तार

**रांची।** मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के रहने वाले कुख्यात शराब माफिया पुरुलिया में रह कर ही अवैध शराब का कारोबार कर रहा था, झारखण्ड की राजधानी रांची सहित राज्य के कई दूसरे जिलों के थानों में भी गोराई के खिलाफ अवैध शराब तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं, वह उत्पाद विभाग के वांटेड सूची में भी लगातार शामिल रहा है।

### फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाने की पुलिस ने बूटी रोड में संत तुलसीदास अपार्टमेंट में रहने वाले त्रिभुवन पांडे को लक्ष्य कर फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पिस्टल व गोली भी बरामद की है। श्याम नारायण सिंह है और वह पन्नागढ़ में सेना के जवान के पद पर पदस्थापित है। आरोपी बरियातू थाना क्षेत्र में रहता है। इस मामले में त्रिभुवन पांडे ने सदर थाने में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### जिला मुख्यालयों में मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**रांची ।** कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय कांग्रेस भवन, रांची में बुधवार को पूर्वाह्न 10 : 30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को गॉर्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इसके उपरांत ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ग्रामीणों के जनसहयोग से हो रहा भव्य शिव मंदिर का निर्माण

# मंदिर निर्माण के लिए युवाओं ने लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करांजी गांव में भव्य शिव मंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है। यहां गांव के दर्जनों युवक भगवान भोलेनाथ के लिए मंदिर का निर्माण करने में जोर शोर से लगे हुए है। मंदिर का कार्य जनसहयोग से की गई राशि एकत्रित कर मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। गांव के युवाओं ने शिव मंदिर निर्माण के लिए जिम्मा उठाया है। उन्होंने इसके लिए समिति बनाकर लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया है। युवाओं की इस पहल पर लोग सराहना कर सहयोग दे रहे हैं। शिव मंदिर निर्माण के लिए युवाओं ने समिति तैयार की है। समिति के सदस्यों ने शिव मंदिर निर्माण के लिए तालाब के समीप स्थान का चयन किया। उसके बाद निर्माण के लिए लगने वाली राशि जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति के सदस्य दिनेश महतो ने बताया निर्माण के लिए राशि एकत्र करना मुश्किल था। इसके लिए समिति बनाकर सदस्यों को जोड़ा गया। मंदिर निर्माण की रुपरेखा तैयार की गई। इसी के माध्यम से लोगों को राशि देने के लिए प्रेरित किया। वही सदस्यों ने स्वेच्छा से निर्माण के लिए समय देने का संकल्प लिया। युवाओं की पहल पर लोगों ने सराहना कर सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं समिति ने प्रखंड के लोगों से सहयोग करने की अपील की है। मंदिर निर्माण कार्य को सफल बनाने में पंकज महतो रघुनंदन महतो दिनेश महतो लालचंद गोप जितेंद्र कुमार अजय कुमार विष्णु कुमार महेश कुमार दिनेश महतो रोहित कुमार जितेंद्र कुमार कृष्ण कुमार धीरज कुमार मुकेश महतो दीपक लोहरा राज भगत पंकज पासवान महेश कुमार विष्णु कुमार विजय कुमार सुकुल महतो लगे हुए है।

# पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बरनवाल कवि सम्मेलन संग पुरस्कार वितरण समारोह जो बरनवाल भवन, कदमकुंआ पटना, बिहार में आयोजित किया गया। उसमें रांची की कवयित्री और लेखिका खुशबू बरनवाल सीपी को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। पूरे देश के बरनवाल बंधुओं के लिए एक प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें सभी की स्वरचित रचना एक महीना पहले ईमेल द्वारा मंगवाई गई। फिर तीन वरिष्ठ निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किया गया। पटना में कवि सम्मेलन आयोजित कर सभी पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। खुशबू बरनवाल ह्यसीपीह्ल ने अपनी प्रस्तुति द्वारा सभी श्रोताओं से वाहवाही बटोरी और वरिष्ठ कवि ओम प्रकाश ओमकार जी उनके सुनहरे भविष्य के लिए पंक्तियां पढ़ते हुए आशीर्वचन दिए। बरनवाल कवि सम्मेलन के संयोजक साहित्यकार चितरंजन भारती जी पूरे देश के बरनवाल बंधुओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किए।

### राष्ट्र बचाओ आंदोलन की बैठक कल



**रांची।** आज देश में बढ़ती लव जिहाद एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में हलाल सर्टिफिकेशन जैसे आर्थिक जिहाद को लेकर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण के नेतृत्व में राष्ट्र बचाओ आंदोलन टीम की एक अति महत्वपूर्ण बैठक आगामी शुक्रवार, समय 2 बजे दोपहर स्थान-एल पी पब्लिक स्कूल किशोर गंज रोड नंबर 2 रांची में आयोजित होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में आप सभी सनातनी स्वजन बन्धु ,बांधव, भगिनी, तथा राष्ट्रप्रेमी आमंत्रित हैं। आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के द्वारा दी गई।

# एक जनवरी को लापुंग में मनाई जाएगी श्री साई महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक जनवरी को श्री साईं सेवा समिति,रांची के तत्वावधान में लापुंग साईं मंदिर मे ललित अग्रवाल जी के अध्यक्षता में 14 वाँ श्री साईं महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी इसकी जोरदार तैयारी की जा रही है।समिति के प्रवक्ता अंकज सेठ ने बताया भक्तों को आने-जाने एवं शांतिपूर्ण दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है,साथ ही पवित्रता के साथ आने जाने वाले सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण की जाएगी।मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने कहा मशहूर कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन कीर्तन पेश की जाएगी,वहीं समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने कहा श्री साईं बाबा का श्रृंगार इस बार सिर्फ गुलाब पुष्प से ही किया जाएगा। समिति के अन्य श्री साईं भक्त भी महोत्सव की जोरदार तैयारी मे लगें हुए है।

### नामकुम पुलिस ने किया अवैध शराब भट्ठी व शराब को नष्ट

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत लगतार चौथे दिन थानेदार सुनील तिवारी के नेतृत्व में बुधवार छापेमारी दल ने सरवल गांव में एक मकान में चल रहें अवैध शराब भठ्ठी को नष्ट करने के साथ-साथ सैकड़ों क्विंटल जावा महुआ,देशी शराब व बर्तन को नष्ट किया गया। थानेदार सुनील तिवारी ने बताया कि नामकुम के विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों में चल रहें दर्जनों अवैध शराब भट्ठी के हजारों क्विंटल शराब को नष्ट किया। जब तब पूरी तरह से अवैध शराब नष्ट किया जाएगा अभियान जारी रहेगा। छापेमारी टीम में सब इंस्पेक्टर अनिमेश शांतिकारी, एस एन तिवारी, एसआई नवल किशोर तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# सड़क हादसे में दो किशोर की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के दलादिली भोंडा रोड स्थित अगड़ू भट्ठा के समीप सड़क हादसे में दो किशोर की मौत हो गयी। घटना बुधवार की सुबह आठ बजे की है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार ने बैट्री चालित मालवाहक ऑटो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार दोनो किशोरों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान गुटुटोली सिमलिया निवासी 17 वर्षीय अरविंद मुंडा व 15 वर्षीय अमित उरांव के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों किशोर केटीएम बाइक जेएच 01 इटी 9959 पर सवार अपने दोस्त से मिलने अगड़ू जा रहे थे । इसी उपरान्त अगड़ू भट्ठा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बैट्री चालित मालवाहक टेंपो जेएच 01इएक्स 0339 को सामने से टक्कर मार दी। दोनो युवक हेमलेट नहीं पहने थे जिसके कारण दोनों के सिर ऑटो से टकरा गया और सिर में गहरी चोट लगने के कारण दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी टेंपो चालक को मामूली चोट आयी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को जप्त कर शव का पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया।

खेल को बढ़ावा | दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली पटका फुटबॉल मैदान में नेहरू युवा केंद्र रांची युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में आस पास की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल केशरडीह फुटबॉल क्लब की ओर पिस्का फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पिस्का ने 3 गोल से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक नेहरू युवा केंद्र रांची के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बालक/बालिका की 200 मी 100मी दौड़ का आयोजन किया गया। 100 मी दौड़ में बालक जिसमे प्रथम अरबिंद महतो दूतीय कपिल लोहरा, तृतीय स्थान संजय बेदिया ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम मधुबाला कुमारी दूतीय सीमा कुमारी तृतीय ज्योति कुमारी वही 400 मी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम अरबिंद महतो द्वितीय निर्मल कुम्हार तृतीय संजय बेदिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा ने कहा कि खेल से आपसी एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। खिलाड़ी नशे से दूर रहकर खेल भावना से खेलकर अपनी प्रतिभा को निखारे और अपनी एक पहचान बनाएं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है कमी है उसे तरासने की। सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका नहीं मिल पाता है। खेलकूद से युवाओं का सर्वांगीण विकास भी होता है। उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त फुटबॉल किक मारकर कर खेल का उद्घाटन किया। दौड़ में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया। फुटबॉल में विजेता टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवम उप विजेता टीमों को सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक आदि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पिस्का मुखिया सोमरा मांझी, वार्ड सदस्य सुचित्रा देवी, बिष्णु चरण महतो, जोत्सना कुमारी, महतो, सरोज सिंह, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### देश का आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है : राजेश

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि 28 दिसंबर 2022 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास के 137 वर्ष पूरे करने के उपरांत आज 138 वर्ष में कदम रख रही है। इस अवसर पर हमें पार्टी की छवि और हमारे नेताओं की गौरवशाली विरासत को पेश करने का अवसर मिलता है। वो पार्टी जिसने हमारे देश में लोकतंत्र की स्थापना की और हमें इस धरोहर पर गर्व है। 137 वर्ष की निस्वार्थ सेवा लोगों की प्रगति के लिए 137 साल की प्रतिबद्धता अपने लोगों को प्राथमिकता देने का संकल्प लेने के लिए युगों से लेकर आज तक राज्य के हर कांग्रेसी को हमारा सलाम और अभिवादन। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि हमारी गंगा-यमुनी संस्कृति को मिटाने की कोशिश हो रही है। देश का आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार किया जा रहा है और इतिहास को झूठलाया जा रहा है।

### नाबालिग को आरपीएफ ने परिवार वालों को सौंपा

**मुरी।** मुरी आरपीएफ ने हटिया से जम्मू तवी ट्रेन में अपने परिवार से छुटी हुई नाबालिक लड़की को उसके परिवार को सौंपा। जानकारी के अनुसार गुमला निवासी सिगरेन केरकेट्टा उम्र 16 वर्ष रांची स्टेशन से अपने दीदी रोशनी केरकेट्टा के साथ दिल्ली जाने के लिए जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ी और ट्रेन रवाना हो गई चलती ट्रेन में उसके दीदी और परिवार वाले नहीं चढ पाए रांची स्टेशन पर ही रह गए।


**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़**
E-Mail Id :- dseramgarh.mdm@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या – एम.डी.एम–01/2022
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, रामगढ़)

**-: आवश्यक सूचना :-**

रामगढ़ जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत् प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान (चावल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 06.01.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों अथवा सम्पूर्ण जिले के लिए निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोश्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्त्ते रामगढ़ जिला के अधिकृत Website : www.Ramgarh.nic.in एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़

PR 286130 (District) 22-23 (D)



झारखण्ड सरकार

**जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़**

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण।

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के निदेशानुसार रामगढ़ जिला के मत्स्य कृशकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2020 –21 एवं 2022–23 को जिला को प्राप्त लक्ष्य में से शेश लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एवं वित्तीय वर्श 2023 – 24 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकाश विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रीत किये जाते है।

उक्त योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं मात्स्यिकी प्रबंधन आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राशि लाभुक अंशदान के रूप लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है। लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं –

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | स्रकार का अनुदान राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्प हैचरी निर्माण | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 2 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | 2.8 | 4 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 | 2.8 | 4 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क0सं0 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए) | (हे0में) | 4.00 | 1.6 | 2 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.6 | 8 |
| 6 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (0.3 लाख/ एक लाख अंगुलिकाएँ) | (हे0में) | @Rs.03/Figerling | @Rs.1.2/Figerling | @Rs.1.80/Figerling |
| 7 | आर्द्र जल निकायों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाए प्रति हे0 (0.3 लाख/ एक लाख अंगुलिकाएँ) | (हे0में) | @Rs.03/Figerling | @Rs.1.2/Figerling | @Rs.1-2/Figerling |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग ईकाई | (सं0में) | 3.00 | 1.2 | 2 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग ईकाई | (सं0में) | 8.00 | 3.2 | 5 |
| 10 | सजावटी/अलंकारिक मत्स्य ईकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग) | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 11 | सजावटी/अलंकारिक मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | (सं0में) | 100.00 | 40 | 60 |
| 12 | मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों का संवर्द्धन (Promotion of Recreational Fisheries) | (सं0में) | 50.00 | 20 | 30 |
| 13 | 90 मी0³ क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/ **04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 50 टैंक वाले बायोफ्लोक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं0में) | 50.00 | 20 | 30 |
| 14 | 30 मी0³ क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/ **04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 25 टैंक वाले बायोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 15 | 100 मी0³ क्षमता वाले 01 टैंक वाले आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/ **04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं0में) | 7.50 | 3 | 5 |
| 16 | बैकयार्ड लघु आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0में) | 0.50 | 0.2 | 0 |
| 17 | जलाशय में केज की स्थापना | (सं0में) | 3.00 | 1.2 | 2 |
| 18 | खुले जल निकायों में घेरे में मत्स्य पालन | (हे0में) | 3.00 | 1.2 | 2 |
| 19 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | (सं0में) | 40.00 | 16 | 24 |
| 20 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | (सं0में) | 80.00 | 32 | 48 |
| 21 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | (सं0में) | 120.00 | 48 | 72 |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | (सं0में) | 150.00 | 60 | 90 |
| 23 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0में) | 50.00 | 20 | 30 |
| 24 | रेफ्रिजेरेटेड (प्रशीतित) वाहन | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 25 | इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन | (सं0में) | 20.00 | 8 | 12 |
| 26 | मोटर साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | (सं0में) | 0.75 | 0.3 | 0 |
| 27 | साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | (सं0में) | 0.10 | 0.04 | 0 |
| 28 | तीन चक्का वाहन आईस बॉक्स के साथ/ई–रिक्शा मछली बिकी के लिए | (सं0में) | 3.00 | 1.2 | 2 |
| 29 | जीवित मछली बिकी केन्द्र | (सं0में) | 20.00 | 8 | 12 |
| 30 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 30.00 | 12 | 18 |
| 31 | मध्यम फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 100.00 | 40 | 60 |
| 32 | बडा फिश फीड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 200.00 | 80 | 120 |
| 33 | फिश फीड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 650.00 | 260 | 390 |
| 34 | फिश किओस्क (सजावटी/अलंकारित मछली एवं एकेवेरियम सहित) का निर्माण | (सं0में) | 10.00 | 4 | 6 |
| 35 | मछली के मूल्य सवंर्द्धित उत्पाद की ईकाई (फीश भेल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0में) | 50.00 | 20 | 30 |
| 36 | मछली के खुदरा बाजार (सजावटी/अलंकारित मछली एवं एकेवेरियम सहित) का निर्माण | (सं0में) | 100.00 | 40 | 60 |
| 37 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई– प्लेटफॉर्म तैयार करना | DPR पर आधारित | | | |
| 38 | फिश डिजीज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 39 | फिश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लिनिक) | (सं0में) | 35.00 | 14 | 21 |
| 40 | जलाशय के मछुआरों को सेफ्टी किट के क्रय हेतु सहयोग | (सं0में) | 1.00 | 0.40 | 0.60 |
| 41 | जलाशय के मछुआरों को नाव तथा जाल के क्रय हेतु सहयोग | (सं0में) | 5.00 | 2 | 3 |
| 42 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0में) | 25.00 | 10 | 15 |
| 42 | मछुआरों का बीमा | (सं0में) | | | |

नोट :– आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में कोई भी पहचाना पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है। एक लाभुक को सिर्फ एक ही आवेदन पत्र देय होगा। सभी परिपेक्ष में पूर्ण आवेदन को ही कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा।

आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 20.01.2023।

PR 286152 Ramgarh(22-23)D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 29 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-323 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आएंगी जैकलीन पेज 12 पर



# स्वदेशी वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने का हो रहा प्रयास : हेमंत

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि क्षेत्रीय कारीगरों को 'हम किसी से कम नहीं' दिखाने का मंच प्रदान किया जाए। पूरे देश की स्वदेशी ताकत जब एक मंच पर होगी तभी हम क्षेत्रीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को देश एवं विदेशों तक पहुंचा सकेंगे। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में कई राज्यों के स्वदेशी उत्पाद खरीदने और देखने को मिलेंगे। झारखंड की महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी इस महोत्सव में कई स्टॉल लगाये हैं जहां राज्य के 24 जिलों के बने उत्पाद खरीदने को मिलेंगे। इस महोत्सव में ग्रामीण क्षेत्रों की महिला



स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित खाने-पीने, पहनने तथा कारीगरों द्वारा बनाई गई खटिया, कुर्सी, पलंग इत्यादि कई प्रकार की वस्तुओं को मार्केट के साथ-साथ उत्पादों के ब्रांडिंग का भी मौका मिल रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के उद्घाटन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### उत्साह के साथ महोत्सव का हो रहा आयोजन

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा कि लगभग तीन वर्ष के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन नई जोश, नई उमंग और नई उत्साह के साथ किया गया है। यह महोत्सव राज्यवासियों को उत्साहित करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग इस महोत्सव का आनंद लें तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं।

## NEWS इन ब्रीफ

### कैलेंडर-2023 का सीएम ने किया अनावरण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा जारी वर्ष-2023 कैलेंडर का अनावरण किया। आयोग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों और जनता को मिले इस निमित्त उनके अधिकारों से अवगत करने के लिए इस वर्ष कैलेंडर प्रकाशित करायी गयी है। आयोग द्वारा जारी यह कैलेंडर राज्य के सभी पंचायतों के पंचायत भवन एवं सभी प्रखंड कार्यालय में लगाया जाना है।

### 15 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**रांची।** झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर भाकपा माओवादी संगठन का 15 लाख का इनामी, रीजनल कमांडर अमन गंझू ने बुधवार को पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। लोहरदगा जिले के बुलबुल जंगल में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गये ऑपरेशन डबल बुल के बाद फरार हो गया था। माओवादी रीजनल कमांडर अमन गंझू बिहार के औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र के झरना गांव का रहनेवाला है।

(संबंधित खबर पेज तीन पर)

### सड़क दुर्घटना में दो की दर्दनाक मौत

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के गुडू सरना टोली के पास ऑटो व बाइक की सीधी टक्कर में रातू थाना क्षेत्र के ही गुटू सरना टोली निवासी अरविंद मुंडा एवं अमित उरांव की दर्दनाक मौत हो गयी। रातू पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए दोनों युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

(संबंधित खबर पेज दो पर)

### हॉकी विश्वकप में सम्मिलित होने के लिए सीएम आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ओडिशा के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा कानून मंत्री जगन्नाथ सारका ने मुलाकात की। उन्होंने हॉकी विश्वकप (पुरुष) 2023 के अवसर पर सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया है।

### बड़कागांव विधायक की बहन से ठगी

**रांची।** बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद की बहन अनुप्रिया साव से साइबर अपराधियों ने मजदूर सप्लाई के नाम पर 73 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में अनुप्रिया साव ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनुप्रिया ने पुलिस को बताया कि वह मील व अन्य जगहों पर मजदूर सप्लाई का काम करती है। इसी क्रम में उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि उसके पास 50 मजदूर बेरोजगार हैं। उन्हें काम की तलाश है। यह कहकर साइबर अपराधी ने झांसे में ले लिया। उसने अनुप्रिया से बस और ट्रेन किराया के लिए पैसे की डिमांड की। अनुप्रिया ने ठग को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया।


# हेमंत सरकार @ 3 साल

## इन 1095 दिनों में राज्य आगे बढ़ा, लोगों के भीतर बढ़ा है आत्मविश्वास

**आनंद सिंह। रांची**
यह हेमंत सोरेन की सरकार है। आप जब इन पंक्तियों को पढ़ रहे होंगे, हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार अपने तीसरे साल में प्रवेश कर चुकी होगी। इन तीन वर्षों में तमाम सियासी झंझावतों को झेलते हुए हेमंत सोरेन का अपने पद पर बने रहना, उसी ठसक के साथ राज-पाट चलाना, इस बात को रेखांकित करता है कि अब आदिवासी या मूलवासी बोका नहीं हैं (जैसा कि आखिरी बार विश्वासमत वाले दिन विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था)।

बहुत ईमानदारी से समीक्षा करें तो इन तीन सालों में, खास कर इसी एक साल (2022) में इस सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जिस तरीके से ताबड़तोड़ छापेमारियां कीं, पूरा राज्य जिस तरीके से अनिश्चितता की भेंट चढ़ रहा था, उस दौर में भी हेमंत सोरेन का चीफ मिनिस्टर बने रहना बहुत कुछ साफ कर देता है। कई बार हेमंत इन छापेमारियों से हिले भी और कई बार उन्होंने खुल कर अपनी भावनाएं भी प्रकट कीं। लहजा जो भी रहा हो उनका, पर उन्होंने एक ही तथ्य को रेखांकित किया कि हमें काम करने दें। काम के बीच में इस तरह के व्यवधान पैदा करना ठीक नहीं। उनका इशारा निश्चित तौर पर सीबीआई, आईटी और ईडी की तरफ ही रहा होगा।

**इन तीन सालों में हुआ क्या**
बड़ा सवाल यह है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने इन तीन सालों में किया क्या? जवाब है, कई लोक-लुभावन योजनाओं की घोषणा और उनको लागू करना। जैसे, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। इनसे निश्चित तौर पर झारखंड की तस्वीर बदलेगी। बदलाव तो शुरू हो चुका है। जो लोग गोइठा का चश्मा लगाए हुए हैं, उन्हें कुछ दिख नहीं रहा। उन्हें न तो आदिवासियों द्वारा शुरू किये गए एंटरपेन्योर प्रोग्राम दिखते हैं, न ही ब्यूटी पार्लर चलानेवाली आदिवासी युवतियों की सफलता दिखती हैं। उन्हें अपने ढोल और नगाड़े के दम पर हजारों रुपये कमाने वाले आदिवासी युवक भी नहीं दिखते और न ही मेरिट में आनेवाले मूलवासियों की तरफ उनकी निगाह जाती है। चूंकि आपने गोईठा का चश्मा लगा रखा है तो आपको कुछ दिखे भी तो कैसे। कुछ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**अपराध पर लगाम लगाना होगा**

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर और काम करना होगा**

**इंसानी जज्बातों की रक्षा करनी होगी**

**2022 में केंद्रीय एजेंसिया ने की ताबड़तोड़ छापेमारी**

**विपक्ष करे रचनात्मक सहयोग**

**मूलवासियों को बोका नहीं समझना होगा**

**झारखंड प्रथम की धारणा है जरूरी**

### क्या सब बढ़िया हुआ?

**यह** बड़ा सवाल है कि क्या सब बढ़िया हुआ? जवाब है, नहीं। सब बढ़िया नहीं हुआ। नियोजन नीति के मामले में सरकार गच्चा खा गई। उसे जिस तरीके से आगे बढ़ाकर लागू करना था, वह काम नहीं हुआ। उस नीति से संबंधित फाइल आज भी सीएम हाउस से गर्वनर हाउस के बीच ही चक्कर काट रही है। हासिल क्या हुआ? कुछ भी तो नहीं।

### हमने आपदा को अवसर में बदला : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार तीन साल में कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करते हुए आपदा को अवसर में बदलने का काम किया है। सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य का विकास 20 साल पहले हो जाना चाहिए, वह अभी हो रहा है। सीएम ने कहा कि झारखंड प्रदेश में आदिवासी दलित पिछड़ा वर्ग शोषण का शिकार सदियों से रहे हैं। सभी क्षेत्र में पीछे रहे लोगों के साथ हमारी सरकार खड़ा होने का संकल्प लिया है। इनके उत्थान के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। आज हमें उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि इस राज्य को आगे बढ़ने से नहीं रोका जा सकता है। सरकार का प्रयास है कि राज्य को विकासशील राज्यों की श्रेणी में रखा जाये। सीएम ने कहा कि ग्रामीणों एवं जवानों में रोजगार को लेकर कई समस्या है, उसको लेकर भी हमारी सरकार प्रयासरत है। कोरोना काल में भी हमारी सरकार ने सफलतापूर्वक कार्य किया और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी करते रहेगी।

# घाटी को दहलाने का मंसूबा ध्वस्त, चार आतंकी ढेर

**भारी मात्रा में गोला-बारूद और अत्याधुनिक हथियार बरामद**

**दिल्ली में अमित शाह ने की हाई लेबल मीटिंग**

**सेना-पुलिस-सुरक्षाबल लगातार कर रहे हैं चौकसी**



**एजेंसियां। जम्मू/नयी दिल्ली**
सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर को दहलाने के आतंकी मंसूबों को ध्वस्त कर दिया है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, आतंकियों की मंशा 26 जनवरी के पूर्व घाटी में दहशत फैलाने की थी। इन आतंकियों से सुरक्षाबलों की जबरदस्त मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में चार आतंकी मार गिराये गए। घंटों चली चेकिंग में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किये गए हैं। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर मुद्दे पर अहम बैठक की। बैठक में रॉ, एनआईए चीफ और जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज कुमार सिन्हा समेत तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में घाटी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम चर्चा हुई है।

ज्ञात हो कि हाल ही में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकियों की गिरफ्तारी और नवम्बर में नरवाल बाईपास में एक तेल टैंकर से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई थी। इसके बाद से ही जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सेना के जवानों ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी। नये साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर आतंकी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। इसे लेकर घुसपैठ कर पाकिस्तान से गोला-बारूद कश्मीर में लाया जाता है। इसी अलर्ट के तहत जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षाबल वाहनों की सख्त चेकिंग कर रहे थे। तभी सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच एक ट्रक को रोका गया, जिसमें आतंकवादी सवार थे। जैसे ही जवानों ने ट्रक को रोका, उसमें सवार आतंकियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 2005 बैच के आईपीएस अधिकारियों को आईजी में मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य सरकार ने 2005 बैच के आईपीएस अधिकारियों को आईजी रैंक में प्रोन्नति दी है। रांची के प्रभारी आईजी पंकज कंबोज को रांची का रांची आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, सीआईडी के प्रभारी आईजी असीम विक्रांत मिंज को भी प्रोन्नति देते हुए सीआईडी में बतौर आईजी पदस्थापित किया गया है। पलामू के डीआईजी राजकुमार लकड़ा को प्रोन्नति देते हुए पलामू में ही आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आईटीबीपी के डीआईजी कुलदीप द्विवेदी और आईबी के डीआईजी अभिषेक को आईजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गयी है। सभी अधिकारियों की प्रोन्नति एक जनवरी 2023 से या पद पर योगदान की तारीख से लागू मानी जायेगी।

# झारखंड की एक्ट्रेस रिया की गोली मार कर हत्या

**एक्ट्रेस के पति से लूटपाट करने की कोशिश**

**बीच-बचाव करने आयी रिया को बदमाशों ने मारी गोली**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को तड़के राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। रिया कुमारी झारखंड के एक लोकल सीरियल 'वह चलचित्र' की एक्ट्रेस के साथ पॉपुलर यूट्यूबर भी थीं। रिया कुमारी अपने पति प्रकाश कुमार संग गाड़ी से ट्रैवल कर रही थीं, तभी पश्चिम बंगाल के हाईवे पर कुछ बदमाश एक्ट्रेस के पति को लूटने लगे। इस बीच बदमाशों को रोकने के लिए रिया आयीं, तभी अपराधियों ने उनपर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि रिया कुमारी का परिवार हावड़ा होते हुए कलकत्ता जा रहा था। गाड़ी में उनके पति प्रकाश कुमार और ढाई साल की बेटी मौजूद थी।

एक्ट्रेस के पति प्रकाश कुमार गाड़ी चला रहे थे। बुधवार सुबह 6 बजे के करीब बग्नान के महेश खेड़ा ब्रिज के नजदीक गाड़ी रोकने पर कुछ अपराधियों ने उनसे छीना-झपटी करने की कोशिश की। रिया ने रोकने की कोशिश की तो उनपर गोली ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्य में नये डीजीपी चयन की प्रक्रिया शुरू

**30 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों की सूची राज्य सरकार ने भेजी**

**पैनल में आये तीन अंतिम नामों से एक को राज्य सरकार को बनाना होगा डीजीपी**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में नये डीजीपी के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार के द्वारा भेजी गई सूची पर यूपीएससी में नौ जनवरी को बैठक होगी। इस बैठक में राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। राज्य सरकार ने डीजीपी के चयन के लिए 30 साल की सेवा कर चुके 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, 1989 बैच के अजय कुमार सिंह, अजय भटनागर, 1990 बैच के अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, 1992 बैच के आईपीएस प्रशांत सिंह, राजकुमार मल्लिक, 1993 बैच के आईपीएस मुरारी लाल मीणा, एमएस भाटिया के नाम भेजे हैं। वर्तमान में सत्यनारायण प्रधान, अजय भटनागर, एमएस भाटिया केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। यूपीएससी वरीयता व अन्य मापदंडों पर विचार कर तीन नामों का पैनल राज्य सरकार को भेजेगी। जिसमें से किसी एक आईपीएस को राज्य की सरकार डीजीपी बनायेगी। वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा 11 फरवरी 2023 को सेवानिवृत होंगे।

## कोविड-19 | देश में रिकवरी रेट 98.8 प्रतिशत, 24 घंटों में संक्रमण के आये 188 नए मामले

# कोविड के नए वेरिएंट का संक्रमण दर 10 से 18

**पहले वाला वेरिएंट 5 से 6 लोगों को कर सकता था संक्रमित**

**बीते 2 दिन में 39 विदेशी यात्रियों के टेस्ट कोविड पॉजिटिव मिले हैं**

**आरपी सिंह। नयी दिल्ली**
नए कोविड का इन्फेक्शन दर ज्यादा है। इससे एक संक्रमित व्यक्ति 10-18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। जबकि इससे पहले वाला वेरिएंट 5-6 लोगों को संक्रमित कर सकता था। लेकिन अच्छी बात यह है कि इस समय कोरोना संक्रमण रिकवरी रेट भी ज्यादा, लगभग 98.8 प्रतिशत है। भारत के हावी अड्डों पर बीते 2 दिन में 39 विदेशी यात्रियों के टेस्ट कोविड पॉजिटिव मिले हैं। इधर,



केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 188 नए मामले दर्ज किए हैं। भारत में रिकवरी रेट फिलहाल 98.8 प्रतिशत है। बीते 24 घंटों में 141 संक्रमित ठीक हुए हैं, जिसके बाद ठीक होनेवालों की कुल संख्या 4,41,43,483 हो गई है। दैनिक सकारात्मकता दर 0.14 प्रतिशत रही है जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता दर 0.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कुल 90,529 कोविड वैक्सीन की खुराक दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत के लिए अगले एक माह अहम बताये जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि चीन की कोरोना लहर का भारत पर क्या असर होता है, यह तीन-चार सप्ताह में पता चलेगा। इधर, एम्स दिल्ली के महामारी रोग विशेषज्ञ संजय के. राय का कहना है कि नए कोविड का इन्फेक्शन रेट अधिक है और इससे संक्रमित व्यक्ति 10-18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। जबकि इससे पहले वाला वेरिएंट 5-6 लोगों को संक्रमित कर सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि जिन्हें पहले कोरोना हो चुका है या वैक्सीन लगवाई है, उन्हें भी फिर से कोविड हो सकता है।

### भारत के लिए अगले 40 दिन महत्वपूर्ण

**कोरोना** का ओमीक्रॉन सब वेरिएंट बीएफ.7 चीन समेत कई देशों में फैल रहा है। चिंता की बात यह है कि अगर कोरोना के मामले बढ़े तो एक संक्रमित व्यक्ति 15-16 लोगों को संक्रमित कर सकता है। दोपहर में खबर आई थी कि पिछले ट्रेंड्स के आधार पर माना जा रहा है कि जनवरी में भारत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं। यही वजह है कि विशेषज्ञ अगले 40 दिन महत्वपूर्ण बता रहे हैं। सरकार और स्वास्थ्य विभाग लोगों से वैक्सीन लगवाने पर जोर दे रहा है। बूस्टर डोज का हाल यह है कि लगभग 22.35 करोड़ एहतियाती खुराक दी गई है, जो तीसरी खुराक के लिए पात्र कुल जनसंख्या का मात्र 27 प्रतिशत है। बुधवार को भारत ने 0.14 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हेमंत सरकार के तीन साल: विशेष आयोजन पेज-6 और 7 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### बेरोजगार युवाओं के साथ सरकार ने किया छल : लोजपा

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी ने झारखंड सरकार के तीन सालों के कार्यकाल के बारे में कहा है कि राज्य में नियोजन नीति के नाम पर बेरोजगार युवाओं को छला गया। प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी ने कहा कि सरकार से आशा करना गलत होगा, जो बेरोजगार छात्रों के साथ गलत नियोजन नीति बनाकर छल करे। उमेश ने कहा कि बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा, कृषि, स्वास्थ्य समेत सभी मापदंडों पर सरकार पिछड़ी हुई है। सरकार ने खुद सदन में भी स्वीकार किया कि तीन सालों में महज 357 नौकरियां दी गई हैं।

### तीसरे दिन पाइप लाइन दुरुस्त होने के बाद सामान्य हुई जलापूर्ति

**रांची।** कोकर के खोरहाटोली में 3 दिन बाद बुधवार को क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक किया गया। नई पाइप लगाकर जांच के बाद रूक्का में एलएंडटी के नए प्लांट से डोरंडा लाइन को पानी की आपूर्ति शुरू की गई। बूटी जलापूर्ति प्रमंडल के ईई राधेश्याम रवि ने बताया कि इस लाइन से सीधे डोरंडा संप तक हर दिन 7 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है। रविवार रात में केबलिंग के दौरान मुख्य पाइप क्षतिग्रस्त हो गई थी। उस समय पाइप लाइन से पानी की सप्लाई हो रही थी। पाइप क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया था।

### रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति ने रेलवे को दिए सुझाव

**रांची।** रांची रेलमंडल कार्यालय सभागार में बुधवार को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की डीआरएम प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें डीआरयूसीसी सदस्यों ने रेलवे प्रशासन को यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े 21 सुझाव दिए। इस पर डीआरएम ने कहा कि सदस्यों का सुझाव हमलोगों के लिए बहुमूल्य है। मांग ओर सुझाव को मुख्यालय भेजा जाएगा, ताकि उचित कार्यवाही हो सके। बैठक में एडीआरएम मनीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके बेहरा, वरिष्ठ मंडल अभियंता बमबम पांडेय, तंगबालन, महेंद्र कुमार, एमटीपी अग्रवाल, पीके दत्तानि, केनेथे देवाज, परमेश्वर चौधरी सहित भी मौजूद थे।

### जनवरी से मानदेय में चार फीसदी की बढ़ोतरी

**रांची।** झारखंड के 61 हजार सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) के मानदेय में जनवरी से चार फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। वार्षिक मानदेय बढ़ोतरी का लाभ उन्हीं पारा शिक्षकों को मिल सकेगा, जिनके प्रमाणपत्रों का सत्यापन हो चुका है। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश दे दिया है।

# 15 लाख के इनामी का सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में सक्रिय सबसे बड़े नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों को बड़ा झटका लगा है। 15 सालों से झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बने कुख्यात नक्सली कमांडर अमन गंझू ने पुलिस के सामने हथियार डाल दिए हैं। अमन भाकपा माओवादियों में रीजनल कमांडर रैंक में था झारखण्ड पुलिस की तरफ से उस पर 15 लाख का इनाम घोषित था जबकि एनआईए ने चार लाख का इनाम घोषित कर रखा था। झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस को बुधवार को एक और अहम कामयाबी हाथ लगी। झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बने 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू ने रांची में आत्मसमर्पण कर दिया। अमन पर एनआईए ने भी चार लाख का इनाम घोषित कर रखा था। बुधवार को रांची में अमन ने आईजी अभियान अमोल वी होमकर और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भाकपा माओवादियों के रीजनल कमेटी में शामिल अमन 2004 से ही सक्रिय था। अमन के आत्मसमर्पण से माओवादियों के कोयल संख जोन सहित पूरे झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में संगठन को बड़ा झटका लगा है। आत्मसमर्पण करने वाले अमन के खिलाफ झारखंड के गढ़वा और लातेहार जिले में कुल 17 मामले दर्ज हैं। गढ़वा जिले में सबसे अधिक 10 मामले दर्ज हैं वहीं लातेहार में कुल 7 मामले दर्ज हैं। साल 2022 में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के द्वारा लातेहार , लोहरदगा और गढ़वा में नक्सलियों के खिलाफ दो बड़े ऑपरेशन अंजाम दिए गए थे। ऑपरेशन ऑक्टोपस और ऑपरेशन डबल बुल में पुलिस को बेतहाशा सफलता हाथ लगी थी। ऑपरेशन डबल बुल के दौरान अमन पुलिस की गोली से बाल-बाल बचा था जिसके बाद वह संगठन छोड़कर भाग खड़ा हुआ था। दूसरी तरफ बिहार और झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उसके परिवार वालों से संपर्क कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए लगातार दबाव डाल रहे थे। परिवार वालों के संपर्क में आने के बाद अमन ने आत्मसमर्पण का मन बना लिया और उसने संगठन छोड़ रांची में अपने आप को झारखंड पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। अमन उर्फ अनिल उर्फ प्रमुख सिंह साल 2004 में नक्सली विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुआ था। अमन बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। संगठन में उसके काम को देखते हुए उसे जल्द ही एरिया कमांडर बना दिया गया जिसके बाद उसने पुलिस पर हमले से लेकर आगजनी और हत्या तक के कई वारदातों को बेखौफ होकर अंजाम दिया। बाद में उसे माओवादियों के रीजनल कमेटी में जगह दी गई। उसके आतंक को देखते हुए झारखंड पुलिस ने उस पर 15 लाख और एनआईए ने चार लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

### राज्य खाद्य आयोग ने जन अधिकारों को लेकर किया कैलेंडर प्रकाशित

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों और जनता को मिले अधिकारों से अवगत कराने के लिए इस वर्ष कैलेंडर प्रकाशित कराया गया है। आयोग के वर्ष-2023 के इस कैलेंडर का अनावरण बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। मुख्यमंत्री आवास में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्य शबनम परवीन ने मुख्यमंत्री को कैलेंडर भेंट किया। मुख्यमंत्री से अनावरण कराने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री रामेश्वर उरांव को भी कैलेंडर भेंट किया। यह कैलेंडर राज्य की सभी पंचायतों के पंचायत भवन एवं सभी प्रखंड कार्यालय में लगाया जाएगा। कैलेंडर में जनवितरण प्रणाली के अन्तर्गत किस दर पर कितना अनाज मिलना है, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन किस प्रावधान के तहत मिलना है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कौन-सी योजनाएं संचालित हैं।

## मारवाड़ी सहायक समिति ने गौशाला में गो माता की सेवा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के डॉ. छैल बिहारी शर्मा एवं मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ सुकुरहुटू गौशाला में गायों को गुड़, चारा, खली भूसी, घास खिला कर गो सेवा की गई। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से गो सेवा जैसे पुनीत कार्य में हमेशा योगदान देने का आवाह्न करते हुए कहा कि गो की सेवा ईश्वर की सेवा है। गो हमारी माता है। सेवा कार्य करने से मन प्रसन्न, शांत एवं आनंदमय रहता है। गो माता का हमारे जीवन में काफी योगदान है। वह हमेशा लोगों के लिए पोष्टि आहार उपलब्ध कराने में महत्वपर्ण कार्य करती है। आज के युग में इनकी संवाएं हम सभी करनी चाहिए। गो किसानों के लिए खासी आमदनी की जरिया बनी रहती है। उनके दूध से किसान काफी कमाई करते हैं और अपने परिवारों का लालन पालन करते हैं।

### वोकल फॉर लोकल को बढ़ाने में यह मेला सार्थक सिद्ध होगा : सांसद



रांची । सांसद संजय सेठ समेत कई गणमान्यों ने मोराबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शिरकत की । श्री सेठ ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल के 3 वर्षों बाद आजादी के अमृत काल में यह भव्य आयोजन किया गया है। इसमें देशभर से जुड़े लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल को बढ़ाने की दिशा में यह मेला सार्थक सिद्ध होगा।

## झारखंड स्टेट बार कौंसिल में हुए वित्तीय अनियमितता की जांच हो




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के निर्वाचित सदस्य मनोज कुमार, अधिवक्ता के द्वारा अध्यक्ष, झारखंड स्टेट बार कौंसिल, महाधिवक्ता, झारखंड सरकार और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य को लिखे गए पत्र और उसके आलोक में प्रेस-मीडिया में प्रकाशित खबर के आलोक में बुधवार को ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड स्टेट बार कौंसिल के अध्यक्ष को पत्र लिख कर कौंसिल में हुए उक्त वित्तीय अनियमितता की जाँच कराने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने मामले को गम्भीर बताया है और इस मामले में शीघ्र समुचित कार्रवाई की मांग की है।

# झारखंड जल छाजन योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत बरवाडीह ब्लॉक के समुदायिक भवन में, झारखंड जल छाजन योजना के तहत तीन दिवसीय डीपीआर बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तीसरे व अंतिम दिन जलछाजन योजना डी पी आर प्रशिक्षण का समापन किया गया । इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में लाभुकों को डी पी आर तैयार कराया गया , जलछाजन योजना के अंतर्गत तालाब व मेड़बन्दी के द्वारा जल ठहराव करके जलस्तर में सुधार करके फसलों की उपज बढ़ाने व फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया तथा लाभुकों को क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया जिसमें



प्रशिक्षणाथीयों को जलछाजन योजना के अंतर्गत निर्मित तालाब व मेड़बन्दी को दीखाकर व्यवहारिक रूप से जलछाजन योजना के बारे मे बताया गया। 4 पंचायत के 13 गांव के 50 से अधिक लाभुकों ने भाग लिया तथा सोशल चार्ट बनाकर प्रदर्शित भी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला तकनीकी विशेषज्ञ बुद्धदेव पाल,जूनियर इंजीनियर अजीत यादव, सामाजिक उत्प्रेरक अनिल प्रसाद, ट्रेनर चंदन यादव और चंद्रेशवर ओझा और कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्य चार पंचायत के 13 गांव के लोग उपस्थित हुए।

#### श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद से मिला

## एचईसी को बदहाली से उबारने में सहयोग करने की लगाई गुहार



नवीन मेल संवाददाता

रांची। एचईसी श्रमिक संघ के महामंत्री वेद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी से मिला। श्री सिंह ने उनसे एशिया प्रसिद्ध कारखाना एचईसी को बदहाली से उबारने में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने इस दिशा में यथोचित कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया है। गौरतलब है कि एचईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन विगत कई माह से लंबित है। नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर एचईसी के इंजीनियर/ अधिकारी आंदोलनरत हैं। कामगारों में भी वेतन भुगतान नियमित रूप से नहीं होने को लेकर निराशा व्याप्त है। एचईसी श्रमिक संघ सहित अन्य संगठन कामगारों और अधिकारियों की मांगों के समर्थन में प्रबंधन से निरंतर गुहार लगा रहे हैं। इस दिशा में एचईसी श्रमिक संघ काफी मुखर है। संघ प्रयासरत है कि यथाशीघ्र एचईसीकर्मियों का वेतन भुगतान हो और निगम की बदहाली दूर हो। प्रतिनिधिमंडल में एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष सन्नी सिंह, शेर बहादुर शुक्ला व लोकनाथ शामिल थे।

#### अखिल भारतीय साहित्य का प्रांतीय अधिवेशन का हुआ उद्घाटन

## राष्ट्र की सांस्कृतिक जन -जन को जोड़ने का सशक्त माध्यम है : सुशील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय साहित्य पर्षिद का प्रांतीय अधिवेशन का उद्घाटन बुधवार को गोपालजी प्रांत प्रचारक (झारखंड) कर कमलों से हुआ। अध्यक्षता डा. कामिनी कुमार प्रतिकुलपति कोल्हान विश्वविद्यालय (चाईबास। मुख्य अतिथि डा. शुशील चंद्र त्रिवेदी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि ऋषी कुमार मिश्रा, डा. पवनपुत्र बादल राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, राजीव कमल बिटटू( प्रांत संपर्क प्रमुख) आदी ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इस अधिवेशन में झारखंड के 16 जिलों के प्रखंड से अधिकारियों एंव विश्वविद्यालयों के छात्र, शिक्षक एवं अनेक शिक्षण संस्थान के डायेरेक्टर, प्रचार्यों ने




भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चंद्र त्रिवेदी ने अपने उदबोद्धन में कहा राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत हमे जन -जन को जोड़ने का शसक्त माध्यम है। राष्ट्रीय महामंत्री ऋषी कुमार मिश्रा ने संगठनात्मक विवरण देते हुए बाताया किया की। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् मात्र संस्था नही संगठन है। और हमारे संगठन में पद नही होता दायित्व होता है जिसका निर्वहन हम करेंगे। प्रांत प्रचारक राजीव कमल बिटटू जी नें कहा... समाज के निर्माण के लिये संवाद जरूरी है। संवाद से साहित्य समाज व संस्कृति सभी शसक्त होती है।

## मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को रांची रेल मण्डल कार्यालय के सभागार में मण्डल रेल प्रबन्धक सह अध्यक्ष मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के माननीय सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी एवं समिति के सचिव निशांत कुमार द्वारा सम्मानित सदस्यों का स्वागत एवं सभा का संचालन किया गया तथा रांची रेल मण्डल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, वर्तमान एवं भविष्य की परियोजनाओं को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया। सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए अनेक सुझाव व मांग रखे गए जैसे रांची स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में कुली की उपलब्धता, एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों को अपने सामान ले जाने के लिए ट्रॉली की व्यवस्था, स्टेशनों पर सीढ़ियों के स्थान पर रेंप की व्यवस्था, रांची तथा हटिया स्टेशन से सिटी बसों का परिचालन, धनबाद रांची भूबनेश्वर गरीब रथ का पुनः नियमित परिचालन, रांची कमख्या ट्रेन के फेरों में वृद्धि, रांची से हैदराबाद, जयपुर, चंडीगढ़ आदि के लिए नियमित ट्रेन सेवा, झारखंड संपर्क क्रांति का विस्तार जयपुर तक, रांची वाराणसी को वाया लोहरदगा लखनऊ तक, वंदे भारत ट्रेन का परिचालन, दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशन पर गाइड की उपलब्धता, ट्रेनों के विलंब से चलने संबन्धित जानकारी, लोहरदगा स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज तथा प्लेटफार्म, ट्रेनों में सफेद की जगह रंगीन बेडरोल, ट्रेनों की और बेहतर सफाई एवं अन्य मांगे रखी गयी।

#### संगठन शक्ति | 138वें स्थापना दिवस मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पहचान कर देती है मौका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। झारखंड कांग्रेस ने भी राजधानी रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया। झारखंज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसे बरकरार रखने में एक-एक कार्यकर्ता ने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर कार्यकर्ता की पहचान करती है और सही वक्त पर सेवा का मौका भी देती है। उन्होंने कहा कि बीते 40-50 वर्षों में नेता से लेकर कार्यकर्ता तक ने निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा की है। कुछ पाने की लालसा नहीं रखी। यही निस्वार्थ भाव पार्टी को



मजबूत बनाती है। राजेश ठाकुर ने कहा कि निस्वार्थ सेवा और मेहनत की बदौलत आज झारखंड कांग्रेस पूरे देश में अव्वल है। चाहे वो जनजागरण का मसला हो या गौरव यात्रा का। हमारे कार्यकर्ताओं ने बढ़िया काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को बनाए रखने और उसे मजबूत करने में जिन तत्वों की जरूरत होती है, हमारे कार्यकर्ताओं ने बीते कई वर्षों से उसे बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में हमें लगातार हमारे शीर्ष नेताओं का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में वर्षों से लंबित कमिटियों का गठन किया गया। 20 सूत्री और 15 सूत्री का गठन किया गया है। प्रखंड स्तर पर कमिटियों का गठन करके अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। ऐसे में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो निर्देश था संगठन को मजबूत करने का, हमलोग उस लक्ष्य के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि फिर भी जो कमियां रह गई हैं उन्हें दूर कर लिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमें राहुल गांधी का संकल्प पूरा करने की दिशा में कार्य करना है। मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशों का पालन करना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। कार्यकर्ताओं-नेताओं ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया है। राजेश ठाकुर ने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक कांग्रेस का मुख्य ध्येय सिर्फ राष्ट्रहित और जनसेवा ही रहा है। कहा कि भारत का इतिहास जिस पार्टी का त्याग, समर्पण और सशक्त नेतृत्व क्षमता से अलंकृत है।

### कागज दुरुस्त नहीं 57 वाहनों पर लगा 5.76 लाख का जुर्माना

**रांची।** रांची में जिला परिवहन कार्यालय की ओर से वाहनों के कागजों की जांच की। इसमें 57 वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त नहीं मिलने पर इसके संचालकों से 5 लाख 76 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। रांची के डीटीओ प्रवीण प्रकाश के नेतृत्व में करमटोली, कचहरी चौक, रातू रोड, रिंग रोड, कांके, ओरमांझी क्षेत्र में तड़के 4 से सुबह 11 बजे तक 156 वाहनों की जांच की गई। इसमें 57 वाहनों के कागज अधूरे पाए गए। इसमें बिना लाइसेंस व हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को भी दबोच गया। उन्होंने भारी वाहन संचालकों से कागज दुरुस्त रखने और ओवरलोड गाड़ियों को नहीं चलाने की चेतावनी दी। डीटीओ ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को ड्राइविंग के समय हेलमेट पहनने को कहा।

#### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 26 मरीजों को मिले 55 लाख

## सांसद ने प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से वर्ष 2022 में 26 लोगों को 55 लाख 41 हजार की राशि विभिन्न गंभीर व असाध्य रोगों से उपचार के लिए प्रदान की गई है। यह राशि सांसद की अनुशंसा पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को दी गई है। जिन नागरिकों को यह राशि प्रदान की गई है, उनमें 14 कैंसर के मरीज, 7 दिल और किडनी से जुड़े मरीज हैं जबकि अन्य रोगों के 5 मरीजों को यह राशि प्रदान की गई है। रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची जिला व सरायकेला खरसावां जिला में गंभीर रोगों जैसे कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, किडनी प्रत्यारोपण, ब्लड कैंसर, दिल से जुड़े रोग, ब्रेन ट्यूमर, प्लास्टिक एनीमिया सहित कई अन्य असाध्य रोगों के उपचार के लिए राशि प्रदान की गई है। ऐसे



13 गंभीर मरीजों को तीन तीन लाख रुपए की राशि दी गई है, जो असाध्य रोगों से जूझ रहे थे। जिससे इन मरीजों का उपचार बहुत सुगम हुआ है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से इतनी बड़ी संख्या में मरीजों को इलाज के लिए राशि मिलना प्रधानमंत्री जी की सहृदयता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि इसके तहत असाध्य रोग से जूझ रहे कोई भी नागरिक अपने उपचार के लिए राशि ले सकते हैं परंतु नागरिकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि जिस अस्पताल से उपचार करा रहे हों, वह अस्पताल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से राशि लेने के लिए अधिकृत हो। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से देशभर के लोगों को असाध्य रोगों के उपचार हेतु राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए संबंधित रोगियों या उनके अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, जिस अस्पताल में इलाज हो रहा हो वहां का स्टीमेट, आधार कार्ड, रोगियों की पासपोर्ट साइज की फोटो अनिवार्य होती है। आवेदन के न्यूनतम 40 से 50 दिनों की समय सीमा में उपचार के लिए राशि निर्गत की जाती है, जो सीधे अस्पतालों के खाते में भेजी जाती है।

NEWS इन ब्रीफ

## कपड़ा दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बरकंगांगो गांव में आग लगी में कपड़ा दुकान जलकर राख हो गया। इस बाबत दुकान के मालिक सकलदेव मोदी ने लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना को दी। आवेदन में लिखा कि मंगलवार की रात लगभग साढ़े दस बजे मैं अपने घर में सोया था। अचानक मेरे कपड़े की दुकान में आग लग गई। इस आग लगी में दुकान में रखे लाखों रुपये के कपड़ा एवं जुता चप्पल, बैंक आफ इंडिया सीएसपी का दो लाख रुपये, जरूरी कागजात जल कर राख हो गया। हमारे परिवार का जीवकोपार्जन एक यही साधन है।

## कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस स्थापना दिवस समारोह बुधवार को भव्य रूप से मनाया गया। कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने झंडोतोलन किया। उन्होंने इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो 138 साल से देश के लिए अनेकों कुर्बानियां दी है। उन्होंने लोगों को स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश में कांग्रेस ने भेदभाव की भावना कभी नहीं रखा। वहीं लोगों के बीच मिठाईयां बांटकर खुशी जताई गई। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिलाल चौधरी, नारायण प्रसाद, वीरेंद्र पांडे, गुरुदेव सिंह, मोड्ड मंसूर साह कादरी, नसीम खान, संतोष कुमार, शंकर पांडेय, रोनित कुमार शर्मा, मोहम्मद सकुर खान, श्यामलाल नायक, बबून अंसारी, भुवनेश्वर रविदास, सफीक अंसारी, प्रकाश मोदी, शंकर साव समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## सबकी योजना, सबका विकास का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**बरही।** विकास कार्य की जानकारी देने के उद्देश्य से नगर भवन में 'सबकी योजना सबका विकास' कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ प्रखंड समन्वयक विजय कुमार, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, मो प्रवेज, बीपीआरओ सावना मांझी आदि ने संयुक्त रूप से किया। जिसमे प्रखंड के पंचायत सेवक, आंगनबाड़ी सहिया, सेविका, ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य सहित पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। विदित हो कि झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के द्वारा बुधवार से आगामी शुक्रवार तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पंचायत विकास के विभिन्न योजनाओं पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण प्रतिदिन पूर्वाहन ग्यारह बजे से प्रारंभ होगा। जिसमे विभिन्न विभाग के पदाधिकारियो के द्वारा सरकार के विभिन्न कार्ययोजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

### उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल रामगढ़ में ट्रामा सेंटर का निरीक्षण, कहा

# पर्यटन स्थलों पर लगाएं कोरोना जांच शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कोरोना के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने छत्तरमांडू स्थित सदर अस्पताल रामगढ़ व पटेल चौक के समीप ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। सदर अस्पताल रामगढ़ के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात कुमार से कोरोना के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि मंगलवार को सदर अस्पताल व ट्रामा सेंटर रामगढ़ में अवस्थित पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का ड्राई रन व किसी भी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने के उपरांत उनके उपचार हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के तहत मॉक ड्रिल किया गया है। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों को कोरोना संबंधित कार्यों को लेकर प्रशिक्षण व इस संबंध में पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बिना फेस कवर/ मास्क लगाएं किसी भी व्यक्ति को अस्पताल परिसर में आने की अनुमति ना देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त सदर अस्पताल रामगढ़ में पेडियाट्रिक आईसीयू, जिरियाट्रिक आईसीयू, आइसोलेशन वार्ड आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बेडों तक ऑक्सीजन पाइपलाइन की व्यवस्था व आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। ट्रामा सेंटर रामगढ़ के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्वास्थ्य उपकरणों, ऑक्सीजन बेड, सामान्य बेड आदि का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्टैंडबाई मोड पर रहने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने पीएसए प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट के संचालन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉक्टर उदय कुमार श्रीवास्तव से ली। इन सबके अलावा निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को बड़ी संख्या में लोगों का कोरोना जांच करने का निर्देश दिया वहीं नए साल के मद्देनजर उपायुक्त ने बड़ी संख्या में पर्यटकों के पर्यटन स्थलों पर आने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कोरोना जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का दिये निर्देश

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। मौके पर लोगों ने भूमि, पेंशन, सहायत राशि, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### हजारीबाग केंद्रीय कारा में छापेमारी

# पेन ड्राइव और कई अन्य सामान बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में जिला प्रशासन ने बुधवार को छापेमारी की। इसमें पांच पेन ड्राइव और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बरामद किये गये। छापेमारी दिन के तीन बजे प्रारंभ हुई और संध्या करीब सात बजे समाप्त हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय के नेतृत्व में एसपी सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी पूरे दल बल के साथ छापेमारी के लिए पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि बरामद पेन ड्राइव और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर जेल प्रशासन से जवाब मांगा गया है। वहीं बरामद पेन ड्राइव की जांच की जाएगी। छापेमारी में मोबाइल कैमरे के कुछ सामान मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि छापेमारी की सूचना लीक हो गई थी। बावजूद इसके जेपी कारा से पेन ड्राइव की बरामदगी कई सवाल खड़ा कर रहा है।

**उपायुक्त के नेतृत्व में एसपी सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी पूरे दल बल के साथ छापेमारी के लिए पहुंचे**

छापेमारी को लेकर जेपी कारा में हड़कंप मचा रहा। इस बाबत बताया जाता है जेल से फोन के माध्यम से धमकी सहित अन्य शिकायत प्राप्त हो रहे थे। शिकायत पर छापेमारी की गई। जेपी केंद्रीय कारा में छापेमारी के लिए 10 टीमों का गठन किया गया था। जांच में विभिन्न सेल से बरामद वस्तुओं के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# मिनी कोल्ड स्टोरेज निर्माण स्थल का विरोध, सीओ को आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के करगईओ में बन रहे मिनी कोल्ड स्टोरेज के निर्माण स्थल पर कुछ पंचायत प्रतिनिधियों और कुछ ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सीओ को आवेदन दिया है। आवेदन में मुखिया, पंसस, पांच वार्ड सदस्य सहित चालीस से ऊपर ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। जिसमे पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, उनके दोनो पुत्र प्रवीण यादव (पैक्स अध्यक्ष) व पंकज यादव मनमानी करने और ग्रामीणों द्वारा चिन्हित स्थल पर निर्माण नही करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन के अनुसार निर्माण स्थल सड़क और ग्रामीण देवस्थल से सटा है। ग्रामीण उक्त स्थल को सार्वजनिक कार्य के लिए उपयोग करते है। इस स्थल पर कोल्ड स्टोरेज निर्माण हो जाने से पैक्स के शेष भूमि तक जाने के लिए भी रास्ता नहीं रहेगा। जबकि पैक्स परिसर के पश्चिम स्थित खाली भूभाग को ग्रामीणों ने चिन्हित किया है। इस स्थल पर निर्माण होने से किसी को कोई समस्या नहीं होगी। सीओ से मामले को गंभीरता से लेते हुए कोल्ड स्टोरेज को ग्रामीणों द्वारा चिन्हित स्थल पर ही निर्माण करवाने का मांग किया है। आवेदन में स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य सुजीता देवी, वार्ड सदस्य 10 मीना देवी, वार्ड सदस्य 11 सीताराम यादव, वार्ड सदस्य 13 सुभाष पासवान, वार्ड सदस्य 15 यशोदा देवी, वार्ड सदस्य रोजी रोकसार, मनोज कुमार यादव, रंजीत यादव, दिनेश यादव, अनिल यादव, कलिया देवी, लक्ष्मी देवी, प्रभु ठाकुर, केदार पंडित आदि सहित कुल 43 लोगों के हस्ताक्षर शामिल है। वही पूर्व मुखिया ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज पैक्स के जमीन पर प्रबंधन समिति के निर्णयानुसार हो रहा है, जिसमें गांव के लगभग लोगो की भी सहमति है। ग्राम देवता सबों का है, वेलोग भी उसी देवता की पूजा करते है। किसी भी समस्या से उनलोगों को भी परेशानी होगी। चंद लोग अपने निजी स्वार्थ में शिकायत कर रहे है। आरोप बेबुनियाद है। सीआई सतीश कुमार ने भी बताया कि निर्माण कार्य सरकारी जीएम खास जमीन पर हो रहा है जो वैध है। दो पक्षों के बीच का मामला है, वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी जा रही है।

## मंगला संध्या आरती विभिन्न मंदिरों में संपन्न

**बरकट्ठा।** प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में विगत 1 वर्षों से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा मंगला संध्या आरती कार्यक्रम का आयोजन मंदिरों में प्रत्येक सप्ताह किया जा रहा है। इस निमित्त काफी संख्या में बच्चे,नौजवान और बुजुर्ग महिला पुरुष शामिल होकर मंगला संध्या आरती कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। वही विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने कहा विहिप के निर्देशानुसार हम लोग प्रत्येक सप्ताह मंगला संध्या आरती करते हैं। इसमें हनुमान चालीसा आरती और हिंदू एकजुटता पर बल दिया जाता है। वही बरकट्ठा के गोरहर, शिलाड़ीह, बेलकपी, बंडासिंगा, बरकट्ठा डीह, बरकट्ठाअडवार, चेचकपी, सलैया, कपका आदि विभिन्न स्थानों में संध्या आरती संपन्न हुआ।

### कोडरमा परिदर्शन बस की शुरूआत

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुधवार से कोडरमा परिदर्शन बस की शुरूआत की गई है। यह बस जिले के कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराएगा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चंचालिनी धाम, ध्वजाधारी धाम, कद्रम ऋषि पार्क और तिलैया डैम जैसे पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराने के लिए कोडरमा परिदर्शन बस की शुरूआत की गई है। 25 सीटर यह बस बुधवार को पर्यटक और सैलानियों को लेकर इन सभी स्थलों का भ्रमण किया। इस बस सेवा में महिला पुरुष और बच्चे भी शामिल हुए और एक के बाद एक पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह दिखा और बच्चों ने भी इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बस को हरी झंडी दिखाते हुए उपायुक्त अदित्य रंजन ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए परिदर्शन बस की शुरूआत की गई है। परिदर्शन बस सेवा में घूमने फिरने के अलावा मनोरंजन का इंतजाम किया गया है। प्रति व्यक्ति 500 रुपये के टिकट पर पूरे दिन चंचालिनी धाम, ध्वजाधारी धाम, कद्रम ऋषि पार्क और तिलैया डैम के हसीन वादियों के नजारे के साथ वोटिंग का भी लुफ्त उठा सकते हैं। इसके अलावा सुबह का नाश्ता और दोपहर का खाना भी टिकट के साथ ही मिलेगा।

### हरिला क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के ट्रेंच कार्य पर आपत्ति

# पुराने ट्रेंच के आधार पर फिर से हो सीमांकन : बद्री यादव





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्लांटेशन हेतु हरिला वन क्षेत्र भूमि में किए जा रहे सीमांकन को लेकर समाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव सहित कुछ ग्रामीणों ने विरोध जताया है। इनलोगों ने बताया कि विभाग पूर्व में बनाये गये ट्रेंच को नजरंदाज कर नया ट्रेंच बना रहा है। जिसमें कई रैयत का जमीन कुछ जगहों पर अधिग्रहित हो जा रहा है। संबधित मामलो में सामाजिक कार्यकर्ता श्री यादव ने पुराने ट्रेंच के आधार पर ही प्लांटेशन करवाने की मांग किया है। इनलोगों ने विभाग के द्वारा मापी करने वाले जमीन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। पूछे जाने पर फॉरेस्टर दीपक कुमार ने बताया कि ट्रेंच की कटाई अमीन के द्वारा बताए गए सीमांकन के आधार पर ही किया जा रहा है। इस संबंध में सरकारी जमीन से भी सत्यापन करवाया गया है। फिर भी ग्रामीण को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तब वह अपना जमीन रखकर सत्यापन करवा सकते हैं। विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

## कुंटू बाबू ने रामगढ़ विस क्षेत्र का किया दौरा

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवा चुके भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने बुधवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोला पंचायत के कोरांबे गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद दर्शकों की उपस्थिति में फुटबॉल किक मारकर खेल की शुरूआत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के दौरान डीवीसी चौक गोला पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। इसके उपरांत दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत स्थित बयांग गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उर्फ कुंटू बाबू उपस्थित हुए।

### कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्री स्कूल शाखा का किया उद्घाटन

# शारीरिक व मानसिक विकास करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : महेश मारवाह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज कैम्पस कॉलोनी में बुधवार को कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल शाखा का उद्घाटन पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव महेश मारवाह ने कहा कि प्रीस्कूल छोटे-छोटे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खोले जाते हैं। इस तरह के सभी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध होते हैं। इन स्कूलों में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करना सिखाया जाता है, जिससे बच्चों के मानसिक विकास में वृद्धि होती है। कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल जिसका उद्घाटन आज किया गया है, जो बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री मारवाह ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के प्रबंध निदेशक विनीत मारवाह स्कूल की पूरी टीम के साथ बच्चों के भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं, कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल के प्रबंध निदेशक विनीत मारवाह ने बताया कि कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल और डेकेयर ने पहले ही एशिया में 400 से अधिक शाखाएं स्थापित कर ली हैं। उन्होंने बताया कि यह स्कूल 1 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए है, जहां उन्हें मॉन्टेसरी पद्धति से परिचित कराया जाएगा। जो भविष्य में औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए मजबूत बनाएगा। यह स्कूल बच्चों की जरूरत के हिसाब से बनाया गया है, यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध है। यह रामगढ़ क्षेत्र का पहला पूर्वस्कूली स्कूल माना जाता है। जिसमें मॉन्टेसरी लैब है, जहां बच्चों को दैनिक व्यवहारिक जीवन के पाठ पढ़ाकर एक मजबूत नींव बनाने की कोशिश करेंगे।

## 31 दिसंबर तक डीलर राशन वितरण शत प्रतिशत करें : एमओ

**विशुनपुरा/गढ़वा।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर 2022 का जो पीएमजीकेवाई का राशन को लेकर लाभुकों में असमंजस पैदा हुई है कि जिन लाभुकों का अक्टूबर माह में पर्ची नही निकल पाया है। उसे राशन नही मिल पाया उन लाभुकों को परेशान होने की जरूरत नही है। उनका राशन डीलर के पास मौजूद है। जैसे ही विभाग द्वारा निर्देश प्राप्त होगा उन सभी छूटे हुए लाभुकों को राशन मुहैया करा दी जाएगी। वहीं जो पीएमजीकेवाई का राशन है उसे 31 दिसंबर तक नवंबर एवं दिसंबर का राशन वितरण करना डीलर सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कहा कि हमे शिकायत मिल रही है कि कई डीलर लाभुकों को पर्ची नही दे रहें हैं लाभुक अपना पर्ची अवश्य मांगे।

### आयोजन | प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा साहिब से चौथे दिन की प्रभात फेरी नकली

# औखी घरी न देखन देई अपना बिरद समाले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में श्री गुरुद्वारा साहिब रामगढ़ से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को गुरूद्वारा साहिब से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच प्रभात फेरी निकली। प्रभात फेरी किला मंदिर, चट्टी बाजार, वैष्णो देवी मंदिर, सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। जहां एक गुप्त परिवार की ओर से साध संगत के चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया। चौथे दिन की प्रभात फेरी में शामिल साध संगत कड़ाके की ठंड के बीच उत्साह के साथ गुरुवाणी का गायन करते हुए बढ़ रहे थे। जिससे शहर का माहौल भक्ति से ओत प्रोत हो गया। संगत शहर बिखे भव लयो पटना शहर बिखे, मेरा वैध गुरु गोविंदा, गोविंद के गुण गाओ साधो, औखी घरी न देखन देई अपना बिरद समाले आदि गुरुवाणी का गायन कर बढ़ते चल रहे थे।

**गुरुवाणी के गायन से माहौल हुआ भक्तिमय**

चौथे दिन की प्रभात फेरी में गुरूद्वारा साहिब के प्रधान परम दीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत सिंह मारवाह, रामदयाल सिंह चोपड़ा, हरजीत छाबड़ा, दलबीर भूसरी, विक्की छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह चन्ना, बलविंदर सिंह छाबड़ा, हरजाप गांधी, सुरजीत छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, डॉ नरेंद्र सिंह, बबलू सिंह, जसमीत कौर सोनी, बबली सोनी, चेयर पर्सन पिंकी गांधी, निक्की लांबा, सुमी जौली, बलविंदर कौर छाबड़ा, विनकी जौली, रानी सलूजा, चरणजीत जौली, बबली सोनी सहित अन्य शामिल हुए।

# छापेमारी में अवैध महुआ व अंग्रेजी शराब बरामद





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मेरम गड्ढा और घंघरी में अवैध महुआ एवं अंग्रेजी शराब के विरुद्ध पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के क्रम में ग्राम मेरमगड्ढा से 30 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ। वहीं करीब 350 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया। ग्राम घंघरी स्थित राजेश जनरल स्टोर से 5 सीसी 375एमएम, 180एमएल के 16 सीसी का मैकडॉवेल शराब, एंपोरियम ब्लू के 180एमएल के 13 सीसी और गॉडफादर बियर के 15 केन को जब्त किया गया ।थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि छापेमारी में बरामद अवैध शराब की सूचना उत्पाद विभाग को अग्रसर कार्रवाई के लिए दे दी गई है।

कौन इंसान सुखी है? क्या वो, जो ज्यादा कमाता है? या फिर वो, जो ज्यादा बचाता है? सच क्या है? सच ये है कि ज्यादा कमाने वाले और ज्यादा बचाने वाले दुनिया के सबसे ज्यादा दुखी लोगों में से एक होते हैं। सवाल फिर वही है कि सबसे सुखी कौन है? जवाब बहुत सीधा है-इस संसार में सबसे सुखी वही है जो जीवन यापन के लिए कमाए, जो जीवन जीने के लिए बचाए। बाकी सब तो मोह-माया है। आप इसे समझ गए तो आप सबसे सुखी हैं।

ज्ञान की बात

-सद्‌गुरु

# हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल: अभी समर है शेष

***इसमें*** कोई दो राय नहीं कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड की यूपीए सरकार ने तीन साल पूर्ण कर लिए। सरकार को बधाई। लेकिन, अभी समर शेष है। बीते तीन साल में उपलब्धियां रहीं हैं लेकिन बेहद कम। आने वाले दो सालों में इन उपलब्धियों का अंक गणित बदलना चाहिए ताकि जो तीन करोड़ की आबादी यहां रह रही है, वह गर्व कर सके।

झारखंड को प्रकृति ने अपनी नेमतों से नवाजा है। सुंदर झील, ताल-तलैये दिए। जंगलों का सुंदर सा उपहार दिया। प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ मिनरल्स की कभी खत्म न होने वाली नेमतें भी दीं। कोयला, अबरख, लोहा, अयस्क, मैगनीज, बॉक्साइट...जितने मिनरल्स के आप नाम जानते हों, सब झारखंड में हैं। उनका दोहन हमने कैसे किया, यह महत्वपूर्ण बात है। अबरख के रहते अगर कोडरमा वाले गरीब हैं, हजारीबाग और गिरीडीह वाले परेशान हैं तो उन कारणों की खोज करने के साथ-साथ उसके लिए समाधान भी खोजना वक्त की मांग है। इतने बड़े नौजवान मैनफोर्स को लेकर दुनिया का कोई भी देश शानदार प्रदर्शन कर सकता है। फिर झारखंडी हल्के, पेट भरने लायक काम में ही अब तक क्यों पड़े हुए हैं? क्यों दूसरों के बगान में जाकर काम करना पड़ता है इन्हें? क्यों ये हिमाचल के सेब के बागानों में जाकर अपनी जिंदगी को उधर ही खर्च करने में थोड़ा भी नहीं हिचकते? इसलिए, क्योंकि झारखंड में इन्हें इनकी योग्यता के अनुरूप काम नहीं मिलता। अगर अपने घर में दो पैसे कम भी मिल जाएं तो बाहर के एक रुपये को स्थानीय आदमी मना कर देगा पर पहले मिले तो। स्थानीय लोगों को काम देना इस सरकार की प्राथमिकता में होनी ही चाहिए। उसके लिए सरकार का आचरण हर पार्टी, हर दल से ऊपर उठ कर होना चाहिए। प्रदेश में इस किस्म का माहौल बनाना चाहिए कि प्रथम झारखंड की अवधारणा के अनुसार लोग एक साथ आएं, राज्य को आगे लेकर बढ़ें। चाहे वह पक्ष हो या विपक्ष। निश्चित तौर पर, तमाम दलों को एकजुट करने की जिम्मेदारी सरकार के मुखिया पर ही होगी। बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं, उड़ीसा को ही ले लें। तमाम वरोिध के बावजूद उड़ीसा प्रथम की नीति पर पटनायक सरकार ने सभी दलों को एक साथ जोड़े रखा है। यह झारखंड में भी हो सकता है।

**हेमंत सोरेन सरकार के लिए अब जरूरी है कि वह ऐसे काम करे, जिसका असर जमीन पर दिखे और आम आदमी को लाभ हो। तय मानें, अब घोषणा करने का वक्त नहीं रह गया। सरकार को काम बहुत करना होगा...**

किसी भी सरकार के लिए तीन साल का कार्यकाल बेहद अहम होता है। खास कर तब, जब डेढ़ से दो साल के बाद देश भर में लोकसभा के चुनाव होने हों। ऐसे में, जनभागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ कुछ ऐसे कदम भी उठाने पड़ेंगे, जिनका असर जमीन पर दिखे। महज घोषणाओं से काम नहीं चलने वाला। अब करके दिखाने की बारी आ गई है। क्योंकि अभी शेष है समर।

# क्या राजस्थान में टूटेगा सत्ता बदलने का मिथक



***राजस्थान*** में अगले साल दिसंबर के प्रथम सप्ताह में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश में सक्रिय सभी राजनीतिक दलों ने अपनी राजनीतिक गतिविधियों व कार्यक्रम को तेज दिया है। सभी दलों ने चुनाव की जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। राजस्थान में फिलहाल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की सरकार चला रहे हैं। वही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। 1993 के विधानसभा चुनाव से राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है। यहां एक बार भाजपा की तो अगली बार कांग्रेस की सरकार बनती रही है। पिछले 30 वर्षों से चले आ रहे इस मिथक को अभी तक कोई भी राजनीतिक दल नहीं तोड़ पाया है। इस बार सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता दावा कर रहे हैं कि हम हर बार सत्ता बदलने के मिथक को तोड़ कर लगातार दूसरी बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। वहीं भाजपा के नेता कांग्रेस को हराने का दावा कर रहे हैं।

राजस्थान में तीसरा मोर्चा कभी मजबूत नहीं रहा है। 1990 के विधानसभा चुनाव में जनता दल अवश्य कुछ प्रभावी रहा था। मगर वह भी तब जब उसने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। तीसरा मोर्चा के नाम पर राजस्थान में बसपा का अवश्य कुछ प्रभाव है। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश में 6 सीटों पर जीत हासिल कर 4 प्रतिशत मत पाये थे। उस समय हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी पहली बार चुनाव मैदान में उतरी थी। उसे 3 सीटों पर जीत मिली थी तथा 2.4 प्रतिशत मत मिले थे।

**1993 के विधानसभा चुनाव से राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है। यहां एक बार भाजपा की तो अगली बार कांग्रेस की सरकार बनती रही है। पिछले 30 वर्षों से चले आ रहे इस मिथक को अभी तक कोई भी राजनीतिक दल नहीं तोड़ पाया है। इस बार कांग्रेस दावा कर रही है कि हर बार सत्ता बदलने के मिथक को तोड़ कर लगातार दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनेगी...**

इन दिनों



रमेश सर्राफ धमोरा

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने भी राजस्थान की अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उसके किसी भी प्रत्याशी को एक हजार वोट भी नहीं मिल पाने के कारण एक प्रतिशत से भी कम वोट हासिल कर पाई थी। माकपा ने 2 सीटों पर, राष्ट्रीय लोक दल ने एक सीट पर व भारतीय ट्राईबल पार्टी ने 2 सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इन में से किसी भी पार्टी को 1 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिल पाए थे।

आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा में मुकाबला होगा। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी भी इस बार चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का दावा कर रही है। हाल ही में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त होने के बाद आप पार्टी के नेताओं का मनोबल बहुत बढा हुआ है। गुजरात विधानसभा चुनाव में 12.92 प्रतिशत वोट व पांच विधानसभा सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी ने गुजरात में कांग्रेस व भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को काफी वोट मिलने के कारण ही गुजरात में कांग्रेस को पहली बार करारी हार झेलनी पड़ी। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप पार्टी ने कांग्रेस के वोट कटवा पार्टी की भूमिका निभा कर भाजपा को बड़ा लाभ पहुंचाया था। आप पार्टी के द्वारा वोट काटने के कारण ही कांग्रेस 77 सीटों से सिमटकर 17 पर आ गई तथा पार्टी के वोट प्रतिशत भी घटकर 27.28 प्रतिशत रह गए।

राजस्थान में भी आप गुजरात का खेल दोहराना चाहती है। गुजरात विधानसभा के चुनाव में तो आप पर आरोप भी लगे थे कि वह भाजपा से मिलकर कांग्रेस को कमजोर कर रही है। गुजरात में अपने कदम जमाने के बाद अब आम आदमी पार्टी राजस्थान की ओर रुख करने जा रही है। आम आदमी पार्टी ने यह तय कर लिया है कि अब उनका अगला लक्ष्य राजस्थान होगा। इसके लिए अगले साल जनवरी महीने से ही तैयारियां शुरू हो जाएंगी। जनवरी में आम आदमी पार्टी की टीमें राजस्थान आ जाएंगी।

गुजरात में 5 सीटें जीतने और राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी राजस्थान में अपने पैर जमाना चाहती है। गुजरात की तर्ज पर ही पूरे जोर-शोर के साथ आप पार्टी राजस्थान में भी चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा से कांग्रेस का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। राहुल गांधी की मौजूदगी के चलते प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की आपसी गुटबाजी पर भी लगाम लगा था। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पार्टी को सांगठनिक रूप से और अधिक मजबूत करने का प्लान तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने भी अपनी पदयात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट के साथ बंद कमरे में दो घंटे तक मीटिंग करें उन्हें आपसी गिले-शिकवे दूर करने की हिदायत दी है।

बोधि वृक्ष

## धनवान बनने का आध्यात्मिक रहस्य

(गतांक से आगे)

जो कार्य मेरी दी स्वर्ण मुद्राएं और माणिक्य नहीं कर सके वो आपके दिए दो पैसे ने कर दिखाया। भगवान श्रीकृष्ण बोलेः हे अर्जुन! उस समय में और इस समय में फर्क केवल ब्राह्मण की सोच का है। जब तुमने उस निर्धन ब्राह्मण को मुद्राएं और माणिक्य दिए, तब उसने केवल अपने सुख के बारे में सोचा किन्तु जब मैंने उसे दो पैसे दिए तब उसने दूसरे के दुःख को दूर करने के विषय में सोचा। हे अर्जुन! इस संसार का यह अटल नियम है कि जब इंसान केवल अपने बारे में सोचता है तो उसकी स्वार्थी सोच, स्वार्थी मनुष्यों को ही उसकी ओर आकर्षित करती है। इसके विपरीत जब मनुष्य दूसरों के दुःख को दूर करने के विषय में सोचता है तो ईश्वर सहित यह प्रकृति उसके दुखो को दूर करने की चेष्टा करते हैं। प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि इस आध्यात्मिक नियम को हमेशा याद रखें और संसार में सुख और सामंजस्य स्थापित करने का ईश्वरीय कार्य करता रहे। जब हम दूसरों के बारे में सोचते है तो ईश्वर हमारे साथ होता है।

हमें खुद से यानी स्व से पहले पर या दूसरों के बारे में सोचना चाहिए। जब हम माया से अभीभूत होकर, अपने ही बारे में सोचने लगते हैं तो समस्या बढ़ने लगती है। जगत के स्वामी उसका ही कल्याण करते हैं, जो दूसरों के कल्याण के बारे में सोचते हैं। इसलिए, हमें सबसे पहले दूसरों के बारे में सोचना चाहिए। यह इंसानी धर्म होना चाहिए। **(समाप्त)**

# वाजपेयी सरकार में हम लोग चुपचाप काम करते थे

***भारत*** को जी-20 की अध्यक्षता मिल चुकी है। सितंबर 2023 में भारत की मेजबानी में होना वाला जी-20 शिखर सम्मेलन उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। वाराणसी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। भाजपा शिखर सम्मेलन के इर्द-गिर्द इवेंट आयोजित कर चुनावी लाभ लेना चाहती है।

जी-20 की शुरूआत साल 1999 में हुई थी। यह 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का संगठन है। मैं अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री था। जब साल 1999 में जी-20 की शुरूआत हुई थी, तब भारत को इसका दूसरा अध्यक्ष चुना गया था। वाजपेयी के भारत को दुनिया ने ऊंचा स्थान दिया था। लेकिन तब हमने इसे लेकर गाना और डांस नहीं किया। हम अपना काम चुपचाप करते रहे। आज हमारे पास भाजपा के एक और प्रधानमंत्री हैं, लेकिन काम करने का तरीका कैसे बदल गया है, पूरी दुनिया कैसे बदल गई है।


मेरे पास जी20 की चेयरमैनशिप थी, लेकिन भारत के बिजनेस अखबारों के लिए यह एक छोटी सी खबर थी। जैसा कि विश्व बैंक की विकास समिति की मेरी अध्यक्षता थी। वाजपेयी सरकार में हम चुपचाप अपना काम बिना किसी शोर-शराबे के करने में विश्वास रखते थे। इसलिए, मैं इसके बारे में ज्यादा चिंतित नहीं था। जी20 को याद करते हुए मेरा दिमाग 1999 की शरद ऋतु में चला जाता है, जब मैं भारत का वित्त मंत्री था और आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी जा रहा था। इस बैठक का विशेष महत्व था क्योंकि 1997 और 1998 में दुनिया ने एक और गंभीर आर्थिक संकट देखा था। स्वाभाविक रूप से इससे जो चिंता हुई वह भी वैश्विक थी। और इसी पृष्ठभूमि में जी-20 का गठन साल 1999 में हुआ। एक बार कनाडा के वित्त मंत्री पॉल मार्टिन ने मुझे एक बैठक में आमंत्रित किया, जिसमें उन्होंने वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के एक बड़े समूह के गठन पर चर्चा की है। हालांकि इस विचार पर पहले ही बातचीत हो चुकी थी। मार्टिन ने मुझे बताया कि उभरते बाजार वाले देशों के समूह में भारत स्वाभाविक रूप से पहला देश है। उन्होंने पूछा- क्या भारत समूह का सदस्य बनने के लिए सहमत होगा? मैंने हां में जवाब दिया और फिर हम समूह में शामिल किए जाने वाले अन्य देशों के नामों पर चर्चा करने लगे। अन्य लोगों के साथ भी चर्चा हुई और सितंबर 1999 में जी-20 अस्तित्व में आया।

अगली बैठक 2001 की शरद ऋतु में दिल्ली में होनी थी। उन्हीं दिनों आतंकवादियों ने न्यूयॉर्क में ट्विन टावर्स पर हमला कर दिया था। दुनिया की एकजुटता दिखाने के लिए आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों के साथ बैठक का स्थान न्यूयॉर्क स्थानांतरित कर दिया गया। अब इस बार बैठक अमेरिका में हुई।

2008 में, एक और वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर, जी20 को शिखर स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

**जी-20 की अध्यक्षता कौन करेगा, इसका फैसला उस समूह के सदस्य देश करते हैं। पांच समूहों में अनेक देश होते हैं। भारत नंबर दो समूह का हिस्सा है और इस बार उसे अध्यक्षता करने का मौका मिला है। इसमें शोर मचाने की क्या जरूरत हो सकती है भला। यह तो बहुत ही सामान्य सी बात है। इसे इवेंट की तरह नहीं लिया जाना चाहिए...**

विपक्ष




यशवंत सिन्हा

दो ट्रैक बनाए गएः जलवायु परिवर्तन जैसे अन्य मुद्दों से निपटने के लिए एक वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर और दूसरा शेरपा। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह था कि वार्षिक अध्यक्ष का चयन करना आसान बनाने के लिए सदस्य देशों को पाँच समूहों में विभाजित किया जाए। समूह एक में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सऊदी अरब और अमेरिका शामिल हैं; जबकि समूह दो में भारत, रूस, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की। अर्जेंटीना, ब्राजील और मैक्सिको समूह तीन में शामिल रहे तो समूह चार में फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन को शामिल किया गया। चीन, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया को समूह पांच में शामिल किया गया। समूह के देश तय करते हैं कि समूह की बारी आने पर उनमें से कौन अध्यक्ष का पद संभालेगा। समूह दो से भारत वर्ष 2022-23 के लिए अध्यक्ष है तो समूह 3 से ब्राजील 2024 में अध्यक्ष का पद संभालेगा और समूह दो से दक्षिण अफ्रीका 2025 में अध्यक्ष बनेगा। यह सभी सदस्यों के लिए अध्यक्षता का एक दौर पूरा करेगा। समूह का नेतृत्व करने के लिए भारत की बारी वास्तव में थोड़ी देर से आई है और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लगभग नौ साल बाद आई है। तो, मेरा यह कहना है कि यह सब तय होता है।

फोटो की दुनिया



ट्वीट-ट्वीट




फेसबुक वॉल से




# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे नरसिंह राव और अटल जी

***25*** दिसंबर अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म-दिवस था और 23 दिसंबर को नरसिम्हा राव और स्वामी श्रद्धानंदजी की पुण्यतिथि थी। इन तीनों महानुभावों से मेरी व्यक्तिगत और आध्यात्मिक घनिष्टता रही है। स्वामी श्रद्धानंद आर्यसमाज और कांग्रेस के बड़े नेता थे। उन्होंने ही देश में गुरुकुल व्यवस्था को पुनर्जीवित किया, जिसका गुणगान नरेंद्र मोदी ने कल ही किया है। उनकी गणना स्वातंत्र्य संग्राम के सर्वोच्च सैनानियों में होती है। उन्होंने भारत की शिक्षा-व्यवस्था और हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूर्व प्रतिमान कायम किए हैं। 23 दिसंबर 1926 को एक मूर्ख मजहबी ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। वे विद्वान, तपस्वी तथा त्यागी संन्यासी थे।


वैसे ही आर्यसमाजी परिवार में अटलबिहारी वाजपेयी ने जन्म लिया था। अटलजी और नरसिंहरावजी मेरे अभिन्न मित्र रहे। दोनों से मेरा लगभग 50 साल का संबंध रहा। दोनों के जन्मदिन पर (25 दिसंबर व 28 जून) हमारा भोजन साथ-साथ होता था। दोनों प्रधानमंत्री भी बने लेकिन दोनों के स्वभाव में मैंने कोई खास परिवर्तन नहीं देखा। वैसे देश में अब तक जितने भी प्रधानमंत्री हुए, नेहरुजी और शास्त्रीजी के अलावा सभी से मेरा सीधा संबंध रहा है।

मैं ऐसा मानता हूं कि अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में चार प्रधानमंत्री विशेष हुए। जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी, नरसिंहराव और अटलजी! अन्य प्रधानमंत्री भी अपने कुछ विशेष योगदानों के लिए जरूर जाने जाएंगे लेकिन या तो उन्हें अवधि बहुत कम मिली या फिर वे मजबूरी में अपने पद पर बने रहे। ऐसा नहीं है कि उक्त चारों प्रधानमंत्रियों से गल्तियां नहीं हुईं। उनसे भयंकर भूलें भी हुई हैं लेकिन उनका योगदान ऐतिहासिक रहा।

वर्तमान प्रधानमंत्री के मूल्यांकन के लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी लेकिन अटलजी और राव साहब के व्यक्तित्वों में कुछ ऐसे गुण थे, जिन्हें भारत-जैसे लोकतांत्रिक देशों के सभी भावी प्रधानमंत्रियों को कुछ न कुछ सीखने को मिल सकता है। उनका पहला गुण तो यह था कि उनके पद ने उन्हें अहंकारग्रस्त नहीं होने दिया। वे आम लोगों और अपने विरोधियों से भी सीधा संवाद रखते थे। दूसरा, वे अन्य नेताओं की तरह नौकरशाहों की नौकरी नहीं करते थे। उनसे वे सलाह जरूर लेते थे लेकिन वे निर्णय अपने विवेक से करते थे। तीसरा, वे पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र पर बहुत जोर देते थे। अपने मंत्रियों, पार्टी अधिकारियों और कार्यकताओं से खुला संवाद करने में वे संकोच नहीं करते थे। चौथा, ये दोनों ही नहीं, कुछ अन्य प्रधानमंत्री भी आम लोगों की व्यथा-कथा सुनने के लिए खुला दरबार लगाते थे। पांचवाँ, ये प्रधानमंत्री पत्रकारों से डरते नहीं थे। पत्रकार-परिषदों में पूछे गए बेढंगे सवालों पर भी अपनी संयत प्रतिक्रिया देते थे। छठा, इन दोनों प्रधानमंत्रियों ने बराबरीवालों में प्रथम रहने की पुरानी संसदीय परंपरा को भली प्रकार से निभाया। वे अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह अपनेवाली नहीं चलाते रहे। कई प्रधानमंत्री तो ऐसे थे, जो अपने सिपहसालारों के साथ-साथ अपने सुरक्षाकर्मियों से भी विशेष स्नेह रखते थे। किसी भी तीज-त्यौहार में वे अपनी सेवा में लगे रहने वाले सज्जनों को अपने हाथों से उपहार देते थे पर उसका प्रचार करने से सर्वथा बचते थे। ये बड़े गुणी लोग थे जो पहले खुद को और दूसरों को भी इंसान समझते थे। राव साहब तो 16 भाषाओं के मर्मज्ञ थे। उन्होंने भारत को जो कुछ भी दिया, वह सब ऐतिहासिक है। ऐसे ही वाजपेयी जी थे। उन्होंने अपने घर के दरवाजे खोल रखे थे। अस्वस्थ होने के पहले तक वह उन सभी लोगों से आसानी से उपलब्ध थे, जो अपनी समस्या लेकर उनके घर अथवा कार्यालय में पहुंच जाते थे। सत्ता के शीर्ष पर होने के बावजूद अटलजी को अहंकार, क्रोध, लोभ जैसे दुर्गुण छू तक नहीं सके थे। वह परमार्थी थे और दिल्ली से लेकर लखनऊ तक उन्होंने परमार्थ के ही काम किए। राव और अटलजी ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को जनता के लिए खोल कर रखा था। दोनों जनसंवाद करते थे। दोनों महान विभूतियां थे। दोनों प्रधानमंत्रियों का आज पुण्य-स्मरण!

**मोदी के मूल्यांकन के लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी लेकिन अटलजी और राव साहब के व्यक्तित्वों में कुछ ऐसे गुण थे, जिन्हें भारत-जैसे लोकतांत्रिक देशों के सभी भावी प्रधानमंत्रियों को कुछ न कुछ सीखने को मिल सकता है। उनका पहला गुण तो यह था कि उनके पद ने उन्हें अहंकारग्रस्त नहीं होने दिया। वे आम लोगों से भी सीधा संवाद रखते थे...**

स्मरण



डॉ. वेद प्रताप वैदिक

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।**)।

NEWS इन ब्रीफ

### राजाराम प्रसाद ने लिया लोहरदगा खनन पदाधिकारी का पदभार



**लोहरदगा।** जिला खनन पदाधिकारी के रूप में राजाराम प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे खान निरीक्षक सम्प्रति खान निदेशालय मुख्यालय में योगदान दे रहे थे। वे प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय से विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद ऑफिस के कर्मचारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। यहाँ की भौगोलिक स्थिति से रूबरू हुए। जिले के विभिन्न बालू घाट, पत्थर खदान, बॉक्साइट माइंस व स्टॉक यार्ड समेत खनन से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले में अवैध खनन को रोकना प्राथमिकता बताई। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि पदाधिकारी के तौर उनकी प्राथमिकता अवैध खनन पर रोक लगाते हुए विभाग के राजस्व में बढ़ोत्तरी करना है। सरकार के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा।

### कांग्रेस पार्टी ने मनाया 138वां स्थापना दिवस, बांटे कंबल

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस समारोह जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी का झण्डा जिला अध्यक्ष के द्वारा फहराया गया। तत्पश्चात महापुरुषों के चित्रों में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर शहर के वृद्ध महिला पुरुष एवम गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कांग्रेस कमिटी का छवि गौरव पूर्ण इतिहास रहा है। कार्यक्रम को हाजी सकील अहमद, अशोक कुमार यादव, साबिर खान, नेसार अहमद, जगदीप भगत, मोहन दुबे, निशित जयसवाल आदि ने संबोधित किए। मौके पर शाहिद अहमद बेलु, विशाल डुंगडुंग आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जंगली हाथी ने उजाड़ा किसान का घर, तत्काल मदद

**ठेठइटांगर।** प्रखंड के केरया पंचायत अंतर्गत पंगिनपहार बाघवार टोली गांव के सुचिता किड़ो के घर को एक अकेला जंगली हाथी ने सुबह 5:00 बजे के आसपास पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखे सारा अनाज, साथ में जो बचा हुआ भोजन था उसे भी खा गया उसके साथ साथ बर्तन, बक्सा, कुर्सी, टेबल, एवं अन्य घरेलू उपयोगी सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया इसी बीच पीड़ित परिवार किसी तरह हाथी के हमले से बचे अपनी जान बचाई एवं घर से बाहर निकल कर दूसरे घर की ओर चले गए।

### गुमला में कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस मना

**गुमला।** कांग्रेस पार्टी की 138वी स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन में मनाया गया। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज ही के दिन 28 दिसम्बर 1885 ई को हुआ था। जिसका संस्थापक ए. ओ.हियुम थे। उस वक्त देश अंग्रेजो के हाथ गुलाम था।देश कोआजादी दिलाने के लिये स्वतंत्रता आंदोलन में भी कांग्रेस पार्टी का बहुमुल्य योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी के बदौलत हीं आज हम स्वतन्त्र भारत में स्वतंत्रता स्वांस ले लहे हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के द्वारा पुराने कांग्रेसियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

## जिला स्तरीय आपदा प्रबंधक प्राधिकार समिति की हुई बैठक, उपायुक्त ने कहा

# जिले में आवश्यक दवाइयों की कमी न पड़े उसका स्टॉक अभी से रखने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लगातार चीन में कोरोना वायरस की गंभीरता को देखते हुए। गुमला जिले में भी कोरोना संक्रमण को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसके आलोक में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक की। बैठक में जिले के अस्पतालों में कोविड बेड, आइसीयू बेड, आक्सीजन की तैयारी, जांच के लिए विभिन्न इकाइयों की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अब तक जिले में सभी सीएचसी सेंटर में 10 बेड की उपलब्ध करवा दी गई है, इसके अलावा सुदूरवर्ती इलाके में एंबुलेंस गाड़ी की सुविधा भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा जिले के डॉक्टर की टीम को भी तैयार कर दिया गया है। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में ऑक्सीमीटर कार्यरत है। इसके अलावा अन्य तैयारी भी अपने अंतिम चरण में है। उपायुक्त ने सभी एएनएम एवं सभी फ्रंट लाइन वारियर को कोविड से संबंधित प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दिलाने का निर्देश दिया। 30 दिसंबर को सभी आंगनवाड़ी सेविका सहायिका को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, डीएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, एसीएमओ गुमला, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करने का निर्देश

उपायुक्त ने कोरोना से पीड़ित मरीजों की पहचान, दूसरे प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करने, भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का प्रयोग करने संबंधी अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करने की बात कही। उपायुक्त ने अधिक टीकाकरण करने का निर्देश दिया। लोगों को बूस्टर डोज देने की अपील की गई है। सरकारी अस्पतालों में आने वाले लोगों को कोरोना वायरस की जांच करने को कहा गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में आवश्यक दवाइयों की कमी न पड़े उसका स्टॉक अभी से रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला में कोविड इमरजेंसी को देखते हुए 2 फोन नंबर जारी करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को त्वरित गति से उपचार मिल सके।

## लोहरदगा में पठान फिल्म का विरोध, फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज चौक में पठान मूवी के विरोध को लेकर एक्टर शाहरुख खान का पुतला फूका गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा हमारे धर्म संस्कृति पर आघात पहुंचाने वाले मूवी का हमारा सनातन समाज पूर्ण रूप से बहिष्कार करें। उन डायरेक्टर एवं कलाकारों का भी बहिष्कार करें जो बार-बार हिंदू धर्म संस्कृति को आघात पहुंचाने का कार्य करता है। भगवा कपड़ों का अपमान करना अब हमे बर्दाश्त नहीं। आज बतला देना चाहता हूं अब वह दिन नहीं रहे अब कोई भी हिंदुओं के खिलाफ मूवी बनता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय पंकज, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, गुड्डू राय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, हेमंत वर्मा,



जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव संदीप साहू, बजरंग साहू, विक्की कसेरा, प्रदीप साहू,महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, राज महतो, गुड्डू साहू, दीपक साहू, सुनील अग्रवाल, अनुज कुमार महतो, राहुल कुमार, श्रीराम सिंह, तरुण सिंह, विनोद प्रसाद, गणेश कुमार, राजाराम उरांव, टपलू वर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गिरजाघर स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठाईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत घोड़ीटोली में गिरजाघर स्थापना दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक ने कहा कि गिरजाघर के सिद्धांतों को सार्वभौम सभाओं द्वारा परिभाषित किया गया है तथा गिरजाघर का कहना है कि पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन से वह विश्वास और नैतिकता पर अपनी शिक्षाओं को अचूकता से परिभाषित करता है। गिरजाघर माता मरियम के प्रति विशेष श्रद्धा रखता है। मरियम के संबंध में कैथोलिक मान्यताओं में उनका मूल पाप के दाग बिना निर्मल गर्भधारण तथा उनके जीवन के अंत में स्वर्ग में शारीरिक धारणा शामिल हैं। यीशु मसीह स्वयं परमेश्वर के पुत्र है। जो पापी हुए सभी मनुष्यों को पाप और मृत्यु से बचाने के लिए जगत में देहधारण होकर आए थे।मौके पर रावेल लकड़ा, विधायक की धर्मपत्नी बिनीता जोजो, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रिंस कुमार, अब्दुल वाहिद,लॉरेंग डुंगडुंग, संजय डुंगडुंग, एमानी बुड, ज्योति बिलुंग, जेम्स जोजो, सिमोन हेरेंज, अल्बन टेटे, जॉन्सन कुल्लू, आदि मौजुद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**कैरो/लोहरदगा।** बुधवार को सढ़ाबे डुमरटोली स्थित लैम्पस गोदाम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धान अधिप्राप्ति केंद्र में धरना प्रदर्शन किया। मौके पर अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री विंदेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड का मौजूदा गठबंधन सरकार सिर्फ और सिर्फ आम गरीब जनता को ठग रहा है।उन्होंने कहा की रघुवर दास की सरकार में किसान लैम्पस में धान देते थे और एक सप्ताह में पूरी राशि किसानों के खाता में जाता था। वर्तमान सरकार में किसान धान बेचकर आठ दस माह तक पूरी राशि मिलने के इंतिजार में खेती नही कर पाते है। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्य समिति सदस्य बजरंग उरांव, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, कार्यसमिति सदस्य विसेश्वर प्रसाद दीन, मंडल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, सुखन उरांव, गोविंद महतो, लाखो उरांव, फलिन्द्र रविदास, संजय महली, शिवचरण तुरी, मोहन साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद महतो इत्यादि काफी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

## जिले के विभिन्न स्थलों चलाया वाहन चेकिंग अभियान

# चालक एमवीआई बनकर करता था वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एमवीआई के चालक के द्वारा अवैध रूप से बीड़ी पत्ता ट्रकों से पैसे की वसूली कर ट्रकों को बिना जुर्माना राशि के सड़कों से पार कराने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों जिले की मुख्य सड़क बांसजोर-कोलेबिरा मुख्य पथ एनएच 143 होते हुए कई बीड़ी पत्ता ट्रक अवरलोडिंग कर वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। जिसको लेकर परिवहन विभाग के द्वारा कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त है। मिले निर्देश के आलोक में परिवहन विभाग के द्वारा जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाकर इन वाहनों को पकड़ कर जुर्माना किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए 12 बीड़ी पत्ता लदे वाहनों को पकड़ा गया जो ओवरलोडेड थी। परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जब वाहनों को पकड़ा गया तो वाहन चालकों ने बताया कि एमवीआई का चालक के द्वारा सोमवार सुबह ही सभी वाहनों से 3-3 हजार रुपये सड़क पार कराने के एवज में लिया जा चुका है। इसलिए उनपर जुर्माना ना किया जाए।

मामले की जानकारी मिलते ही परिवहन पदाधिकारी के द्वारा सभी वाहनों के दस्तावेज सत्यापन हेतु उनके फाइल को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्यवाही के लिए परिवहन कार्यालय लाया गया। इधर मीडिया से बात करते हुए ट्रक चालकों ने बताया कि एमवीआई का चालक भोला साहू के द्वारा लगातार ट्रक पार कराने हेतु 3-3 हजार रुपये ली जाती है। वह अपने साथ एक लैपटॉप एवं एक मशीन लेकर घूमता है। पैसे नहीं देने पर वाहन को सीज करने अथवा जुर्मार्ना लगाने की बात करता है। किसी तरह की परेशानी से बचने के लिए सभी ट्रक चालक उसे पैसे दे देते थे। बताते चलें कि मोटरयान निरीक्षक पिछले 3 दिनों से अवकाश पर हैं। उसके बावजूद उनका नाम लेकर चालक के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। इधर मामले की जानकारी लेने के लिए जब परिवहन पदाधिकारी से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व में भी चालक की मिली है शिकायत



इधर नाम ना छापने की शर्त पर कुछ कर्मियों ने बताया कि इससे पूर्व भी कई बार एमवीआई के चालक पर अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त हुई थी।परन्तु मामले पर लीपापोती कर दी गई। बताते चलें कि राष्ट्रीय नवीन मेल में भी खबर के माध्यम से मामले का खुलासा किया गया था परन्तु मामले में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कि गई।

## समुदाय के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना मिशन बदलाव का उद्देश्य

**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य एवं ग्रामीणों ने मिशन बदलाव शपथ लेकर कार्यक्रम का शुरूआत किया. मिशन बदलाव के द्वारा शिक्षा का ज्योत जलाने के उद्देश्य से वार्ड 1 टुकुटोली में मिशन बदलाव महिला टीम के द्वारा बच्चों के लिये स्कूल लर्निंग सेंटर शुरू किया गया। पूरी सेंटर मिशन बदलाव महिला टीम की देख रेख में संचालित होगा। लर्निंग सेंटर के माध्यम से सामुदायिक और मुहल्ले की भागीदारी को बढ़ाया जायेगा. शिक्षक पूनम टोप्पो ने कहा कि प्रत्येक दिन 2 घण्टे बच्चों को नैतिक सामाजिक शिक्षा के साथ जोड़ने को लेकर ये पहल शुरू किया गया है। आज मिशन बदलाव का लर्निंग सेंटर उद्घाटन कार्यक्रम में मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य भूषण भगत, जितेश मिंज, मिशन बदलाव सलाहकार कमिटी सदस्य पंकज गौस्वामी एवं मिशन बदलाव सदस्य पंकज कुमार राम, बिनय गोप लेखन गोप विनिता उराव अंजना साहू, स्वाति अशुर, अमित कुमार, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना के पुलिस के द्वारा केरसई टांगरटोली निवासी अजय अहिर नामक युवक को शादी की झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक शोषण करने के मामले में गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कविता मंडल ने बताया कि केरसई टांगर टोली निवासी अजय अहीर गांव के ही एक युवती के साथ प्रेम करता था और लंबे समय से उसका शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया जब यह गांव में बाद फैली तक गांव में बैठक हुआ इस दौरान ग्राम सभा में ग्रामीणों के दबाव पर अजय के द्वारा उक्त युवती को अपने घर ले गया और करीब 2 महीने तक उसे रखा लेकिन उसके द्वारा उसे नीची जाति का बताते हुए उसे अपने घर में पूरी तरह से भेदभाव करते हुए उसे घर से अलग रखा। लेकिन इस बीच उसका शोषण जारी रहा। साथ ही उन्होंने बताया कि डरा धमकाकर युवक के द्वारा उसका गर्भपात भी कराया। तब जाकर युवती द्वारा संयुक्त अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष तिलका रमन से संपर्क स्थापित करते हुए इसकी जानकारी दी जिसके बाद उसके पहल पर सिमडेगा महिला थाना में शिकायत किया। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी के द्वारा तत्काल युवक को गिरफ्तार करते से पूछताछ कर रही इधर समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका था।

### नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में महिला थाना में मामला दर्ज



**नाबालिग** किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में महिला थाना में मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार की देर शाम मामला दर्ज किया गया है। किशोरी के पिता के आवेदन पर महिला थाना में कांड संख्या 24/22 के तहत मामला दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी कविता मंडल ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन के आधार पर जयराम नायक नामक युवक पर दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी पर आईपीसी की धारा 374( 3), 504,506 और पोक्सो एक्ट की धारा 4,6,8 और 12 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की गई है। इधर बताया गया कि आरोपी गांव से फरार है। विदित है कि पीड़िता की उम्र 14 साल है और सदर अस्पताल में वह एक बच्चे को जन्म दी थी जिसके बाद मामला प्रकाश में आया था। मामला प्रकाश में आने के बाद ही पुलिस के पहल पर मामला दर्ज किया गया है।

## जय श्री राम समिति ने किया पठान फिल्म के विरुद्ध विरोध में प्रदर्शन


**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड कैरो में जय श्री राम समिति के द्वारा बुधवार को पठान फिल्म के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते हुए फिल्म अभिनेता शाहरुख खान का पुतला फूंका। पुतला दहन करते हुए विरोध जताया। मौके पर मुख्य रूप से जय श्री राम समिति के मुख्य संरक्षक बजरंग उरांव ने कहा कि लव-जिहाद जैसी मानसिकता को बढ़ने नही दिया जाएगा। जय श्री राम समिति प्रखंड अध्यक्ष विनोद रविदास ने कहा कि आये दिन देश में जो घटनाएं घट रही है, इसको देखते हुए विरोध अतिआवश्यक है। कोई हमारी बहन- बेटियों को लव- जिहाद की ओर लेकर जाय ये हमे बर्दस्त नही होगा। जय श्री राम समिति इसका घोर विरोध निश्चित रूप से करेगी। अगर मूवी पठान है तो पहनावा या संस्कार भी तो पठान वाली ही होनी चाहिए।

## एसपी ने किया जोबांग थाना का निरीक्षण, थाना प्रभारी व कर्मियों को दिये निर्देश

# अपने दायित्वों के प्रति गंभीरता दिखायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा निरीक्षण कर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों के प्रति गंभीरता दिखाते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी आर रामकुमार ने थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार से क्षेत्र की स्थिति वस्तु का बारीकी से जानकारी प्राप्त कर लंबित मामले के निष्पादन में गति लाने का निर्देश दिया। इधर एसपी के द्वारा जोबांग थाना का निरीक्षण के उपरांत थाना भवन की स्थिति-वस्तु और थाना परिसर में साफ-सफाई का मुआयना किया गया एवं थाना परिसर की साफ सफाई से काफी संतुष्ट हुए। मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार व अन्य सभी पुलिसकर्मियों से



उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए हाल जाना एवं बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों की प्रशंसा किया।

साथ ही एसपी ने थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को उनके द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्य को लेकर पुरस्कृत किये। इधर एसपी आर रामकुमार को थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार की अगुवाई में सलामी दिया गया। मौके पर एसपी ने सीरिस्ता पंजी का निरीक्षण किये। साथ ही साफ-सफाई एवं रख-रखाव की सराहना करते हुए थाना प्रभारी शाशि शेखर कुमार को पुरस्कृत किये। एसपी आर रामकुमार के द्वारा जोबांग थाना का निरीक्षण के दौरान थाना के सभी अभिलेखो पंजियों का अवलोकन किया गया एवं संतुष्ट हुए व पुलिस कर्मियों को कार्य के प्रति निष्ठावान होकर और बेहतर कार्य करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार, सब इंस्पेक्टर सोनू चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बैठक | डीडीसी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा किया

# लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा जिला परिषद सभागार में की गई।

बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की गई जिसमें प्रखंडों का औसत राज्य के औसत से कम पाया गया। सभी को निदेश दिया प्रखण्डों का औसत राज्य के बराबर करते हुए आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाय। चार




हजार लाभुकों द्वारा तीन नोटिसों के बावजूद आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के संबंध में लाभुकों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, सिंचाई कूप निर्माण, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत चेंजिंग रूम और टॉयलेट निर्माण का भी निदेश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी को पोटो हो खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल मैदान को ग्राम स्वराज पोर्टल में दर्ज करने का निदेश दिया गया। पशुधन विकास योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप शेड निर्माण का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किये जाने और पुरानी योजनाओं का पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी नारायण राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक केके गुप्ता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक व अन्य उपस्थित थे।

## डीडीएमए की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत निबंधित व सत्यापित किये गये किसानों के भुगतान की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज बैंकों को उपलब्ध कराने का निदेश जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्शदीप आईसीसी एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नॉमिनेट

**दुबई।** भारत के बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को आईसीसी एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए हैं। उनके साथ अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान, साउथ अफ्रीका के मार्क जानसेन और न्यूजीलैंड के फिन एलन के नाम भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार इस अवॉर्ड के लिए वोटिंग अगले साल जनवरी में होगी। 23 साल के अर्शदीप सिंह ने इसी साल नेशनल टीम में डेब्यू किया है।

### दोबारा सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन बन सकते हैं चेतन शर्मा

**नयी दिल्ली।** चेतन शर्मा फिर से सिलेक्शन कमेटी का अध्यक्ष बन सकते हैं। यही नहीं वर्ल्ड कप के बाद बर्खास्त किए गए सिलेक्शन कमेटी के सेंट्रल जोन के सदस्य हरविंदर सिंह को भी एक कार्यकाल के लिए विस्तार मिल सकता है। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से नए सिलेक्शन कमेटी के लिए गठित क्रिकेट सलाहकार समिति ने इंटरव्यू के लिए शॉटलिस्ट किए गए नामों में चेतन शर्मा और हरविंदर सिंह को भी शामिल किया है।

### सीरीज के लिए श्रीलंका ने किया टीम का ऐलान

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति ने बुधवार को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दासुन शनाका की कप्तानी वाली 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो तीन जनवरी से शुरू हो रहे भारत के आगामी दौरे में हिस्सा लेगी। श्रीलंका भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलेगा। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जायेगी।

### भारत दौरा महत्वपूर्ण होगा : कैमरून ग्रीन

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के चोटिल ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वह भारत के खिलाफ अगले साल फरवरी के शुरू में होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला तक फिट होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण दौरा होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में दूसरी सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले 23 वर्षीय ग्रीन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए। उनकी उंगली में चोट लगी है जिसके कारण वह सिडनी में तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।

### पांच युवा प्लेयर्स को मुंबई प्रबंधन ने अपने साथ जोड़ा

**मुंबई।** एमआई अमीरात ने पांच युवा प्लेयर्स लोर्कन टकर (आयरलैंड), मैककेनी क्लार्क (वेस्टइंडीज), डैनियल मूसली (इंग्लैंड), थॉमस लैमोनबी (इंग्लैंड) और क्रेग ओवरटन (इंग्लैंड) को साइन कर लिया है। जनवरी में शुरू होनेवाली आईएलटी टी-20 लीग में एमआई अमीरात के लिए ये सभी खेलेंगे। एमआई अमीरात में अनुभवी खिलाड़ियों की देखरेख में यह प्लेयर्स अपनी प्रतिभा निखारेगा। साथ ही फ्रेंचाइजी की ओर से उन्हें इंटरनेशनल स्तर की लीग से बेहतरीन प्लेटफॉर्म दिया जायेगा।

# श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया में चौंकाने वाले नाम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टीम इंडिया की श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए घोषित टीम में एक चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। माना जा रहा था कि रोहित चोट के कारण सीरीज नहीं खेल पायेंगे, लेकिन उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया है। इसी तरह ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन को वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। उनकी जगह शुभमन गिल को वरीयता दी गई है जोकि रोहित के साथ संभवतः ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे। टीम में केएल राहुल भी हैं ऐसे में ओपनिंग पर कौन आएगा इसको लेकर सस्पेंस भी बनेगा।



**श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया :** रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, युजी चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह।

**टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया :** हार्दिक (कप्तान), सूर्या (उपकप्तान), ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजी चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी, मुकेश कुमार।

### टीम सलेक्शन के बाद पृथ्वी शॉ की इंस्टा स्टोरी वायरल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम सलेक्शन होने के बाद पृथ्वी शॉ की क्रिप्टिक इंस्टा स्टोरी वायरल है। उनका नाम किसी भी टीम में नहीं है। उन्होंने एक शायरी को इंस्टा पर शेयर किया है। टीम सलेक्शन के बाद पृथ्वी शॉ की क्रिप्टिक इंस्टा स्टोरी वायरल, 'किसी ने मुफ्त में पा लिया...'। बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ खेली जानेवाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान हुआ। टी-20 टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या बने। वहीं, रोहित शर्मा कप्तान के तौर पर वनडे सीरीज में वापसी करेंगे। कई पुराने और नए नामों के साथ टीम का ऐलान हुआ, लेकिन एक बार फिर से पृथ्वी शॉ को जगह नहीं मिल पाई। यहां तक कि ऋषभ पंत भी टीम से बाहर हैं। पृथ्वी शॉ आखिरी बार जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 ई मैच में भारत के लिए खेले थे। युवा सलामी बल्लेबाज ने इसके बाद से मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। यहां तक कि आईपीएल 2022 में भी रंग में दिखे थे, लेकिन शॉ को अभी भी अंतरराष्ट्रीय वापसी के मौके की तलाश है।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की पहली पारी, अफ्रीका 371 रन पीछे

### साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में 15 रन पर गंवाया पहला विकेट

**एजेंसी। मेलबर्न**

मेलबर्न में चल रहे बॉक्सिंग-डे टेस्ट पर ऑस्ट्रेलियाई टीम मजबूत स्थिति में है। उसने तीसरे दिन के खेल में साउथ अफ्रीका पर 371 रन की बढ़त बना ली है। इतना ही नहीं, दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका को पहला झटका भी दे दिया है। बुधवार को स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 15 रन बना लिए हैं। स्टंप्स होने के बाद सरेल एरवी 7 और थ्यूनिस डी ब्रुइन 6 रन पर नाबाद हैं। जबकि कप्तान डीन एल्गर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता कप्तान पैट कमिंस ने दिलाई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 575/8 पर घोषित की। जबकि साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए।

**ट्रेविस हेड की फिफ्टी, कैरी का पहला शतक :** दूसरे दिन नाबाद लौटे ट्रेविस हेड (51) ने अपना 11वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। जबकि एलेक्स कैरी (111 रन) ने पहली टेस्ट सेंचुरी जमाई। वे अपने बीते दिन के स्कोर 48 में महज 3 रन ही जोड़ सके। उन्हें एनरिक नॉर्त्या ने बोल्ड कर दिया। दूसरे छोर से एलेक्स कैरी ने अपनी पारी को 9 से बढ़कर 111 रन तक पहुंचाया।



### चोटिल कैमरून ग्रीन ने जमाया अर्धशतक

**दूसरे** दिन चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए कैमरून ग्रीन और डेविड वार्नर ने भी क्रीज में वापसी की। ग्रीन ने अर्धशतक (51 रन) जमाया, लेकिन डेविड वार्नर (200) अपने निजी स्कोर पर इजाफा नहीं कर सके। उन्हें एनरिक नॉर्त्या ने बोल्ड कर दिया। एक दिन पहले वार्नर डबल सेंचुरी सेलिब्रेट करते समय खुद को चोटिल कर बैठे थे। वार्नर की मांसपेसियों में खिंचाव आ गया था। साउथ अफ्रीका की ओर से पहली पारी की गेंदबाजी में एनरिक नॉर्त्या ने 3 विकेट चटकाए। जबकि कगिसो रबाडा को 2 सफलताएं मिली। लुंगी एनगिडी और मार्को जानसन को एक-एक विकेट मिले।

### हॉकी इंडिया ने किया पुरस्कारों का ऐलान


**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भुवनेश्वर और राउरकेला में अगले महीने होनेवाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप से पहले भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ की हौसलाअफजाई के लिए नकद पुरस्कारों का ऐलान किया है। भारतीय टीम स्पेन के खिलाफ 13 जनवरी को पहला मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया ने स्वर्ण पदक जीतने पर टीम के हर सदस्य को 25 लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रुपए देने की घोषणा की है। वहीं, रजत पदक जीतने पर खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को तीन लाख रुपए दिये जायेंगे। कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ियों को दस दस लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को दो लाख रुपए मिलेंगे। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने बैठक में यह फैसला किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सीनियर पुरूष विश्व कप में पदक जीतना आसान नहीं है। हमें उम्मीद है कि इस घोषणा से भारतीय टीम का मनोबल बढेगा। भारत ने आखिरी बार 1975 में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत 1971 में कांस्य और 1973 में रजत पदक जीत चुका है। भारतीय टीम पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है।

# गावस्कर ने की ईशान के लिए भविष्यवाणी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**


क्या वनडे क्रिकेट में कोई बल्लेबाज तिहरा शतक जड़ सकता है। मौजूदा दौर में यह संभव लगता है और अब पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का भी यही मानना है। सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को लेकर कहा कि ऐसे बल्लेबाज वनडे में भी तिहरा शतक जड़ सकते हैं और हमें बड़ी पारियां देखने को मिल सकती हैं। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा कि जब हम युवा खिलाडियों को आते हुए देखते हैं तो भविष्य के लिए उम्मीद दिखती है।

ईशान किशन ने जिस तरह दोहरा शतक जड़ा, वह शानदार रहा और एक बड़ी उपलब्धि है। गावस्कर ने कहा कि ईशान 36वें ओवर तक आउट हो गए, अगर वो खेलते रहते तो उसी दिन तिहरा शतक जड़ जाता। जिस तरह वह खेलते हैं, अगर ऐसे ही रहे तो वह वनडे इतिहास का पहला तिहरा शतक भी जड़ सकते हैं। टीम इंडिया के लिए यह एक बढ़िया खबर है। बता दें कि



ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए तीसरे वनडे मैच में दोहरा शतक जड़ा था। ईशान किशन ने सिर्फ 131 बॉल में 210 रनों की पारी खेली थी। इस पारी में 24 चौके और 10 छक्के जड़े थे। ईशान किशन ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। ईशान किशन को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी-20 और वनडे सीरीज में मौका मिल सकता है। श्रीलंका के खिलाफ 3 मैच की टी-20 और 3 मैच की वनडे सीरीज होनी है, ऐसे में ईशान किशन घरेलू मैदान पर भी धमाल मचा सकते हैं।

# इगा स्विटेक बनीं यूरोपियन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर




**एजेंसी। वॉरसॉ/पोलैंड**

टेनिस आइकन बिली जीन किंग ने इगा स्विटेक को पोलिश प्रेस एजेंसी (पीएपी) द्वारा यूरोपियन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर नामित किए जाने के बाद बधाई दी है। इगा ने एफ-1 विश्व चैम्पियन मैक्स वस्टार्पेन और वर्टिकल जम्प वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर आर्मंड डुप्लांटिस को हराकर यह सम्मान हासिल किया। किंग ने इस उपलब्धि पर पोलिश खिलाड़ी को बधाई देने के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। उन्होंने लिखा- इगा स्विटेक को बधाई, जिन्हें 2022 के लिए यूरोपियन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया। इगा स्विटेक अब रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, जड्जस्लिाव क्रिज्जकोवियाक और इरेना स्जेविंस्का के बाद पुरस्कार जीतने वाली चौथी प्लेयर हैं। वह 2021 में नोवाक जोकोविच की जीत के बाद यह सम्मान पाने वाली लगातार दूसरी टेनिस खिलाड़ी भी हैं। बड़ी उपलब्धि हासिल करने के बाद इगा ने कहा कि मेरा मुख्य लक्ष्य पिछले साल जो रहा था उसे जारी रखना है। याद रखें कि टेनिस में किसी भी टूर्नामेंट में कुछ भी हो सकता है। मैं बस लगातार बने रहना चाहती हूं। लेकिन मुझे लगता है कि विशिष्ट लक्ष्य तब आएंगे जब मैं टूर्नामेंट के करीब पहुंचूंगी। यह एक तरह से अजीब है क्योंकि मैं कभी भी ऐसी स्थिति में नहीं रहा जहां मेरा इतना अच्छा सीजन रहा हो। इसलिए निश्चित रूप से, मुझे अगले साल थोड़ा अलग तरीके से पेश आने की जरूरत है।

# टेस्ट रैंकिंग में अश्विन-अय्यर ने लगाई बड़ी छलांग

### भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप-5 में शामिल

**एजेंसी। दुबई**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ताजा रैंकिंग जारी हो चुकी है। बुधवार को जारी रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर को बड़ा फायदा हुआ है। जबकि पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को नुकसान हुआ है। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप-5 में शामिल हो गए हैं। वे 812 अंक लेकर जसप्रीत बुमराह के बाद पांचवें नंबर पर हैं। जबकि, श्रेयस अय्यर अपनी करियर बेस्ट रैंकिंग में पहुंच गए हैं। वे 26वें स्थान से 16वें स्थान पर आ गए हैं। उनके 666 रेटिंग पॉइंट हैं। वे टॉप-20 में शामिल चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं। 25 दिसंबर को समाप्त हुई भारत-बांग्लादेश दूसरे टेस्ट में अश्विन और अय्यर ने आठवें विकेट के लिए 71 रनों की नाबाद साझेदारी की थी और टीम को जिताया था। वहीं, विराट कोहली (1) जल्दी आउट हो गए हैं। टीम इंडिया ने वह मुकाबला 3 विकेट से जीता था। भारत ने बांग्लादेश को चौथी बार क्लीन स्वीप किया। टेस्ट रैंकिंग के टॉपर्स की बात करें तो बैटिंग और बॉलिंग में कंगारुओं का कब्जा है, जबकि ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भारतीय का कब्जा है। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन (936) दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज हैं। जबकि पैट कमिंस (880) के पास बॉलिंग का ताज है। वहीं, भारतीय ऑलराउंडर्स रविंद्र जड़ेजा (369) नंबर-1 ऑलराउंडर हैं। रविचंद्रन अश्विन 343 के साथ उनका पीछा कर रहे हैं।




### बैटिंग में विराट कोहली 14वें नंबर पर लुढ़के

**पूर्व** भारतीय कप्तान विराट कोहली को खराब फॉर्म का नुकसान उठाना पड़ा है। वे बैटिंग रैंकिंग में दो स्थान नीचे फिसल गए हैं। वर्तमान में उनके 676 रेटिंग अंक हैं और वे 14वें नंबर पर हैं। वहीं, अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (642) तीन स्थान के नुकसान के साथ 19वें नंबर पर आ गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (732) नौवें नंबर है। इन दोनों के अलावा ऋषभ पंत को तीन रेटिंग पॉइंट का फायदा मिला। लेकिन 6वें नंबर पर ही रहे। पंत के 797 अंक हैं।

### ऋषभ पंत जल्द करेंगे वापसी

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बीसीसीआई ने हाल ही में भारतीय टीम की घोषणा की। टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली को भी आराम दिया गया है जबकि टीम की कप्तान हार्दिक पांड्या को सौंपी गई है। वहीं, भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टी-20 सहित वनडे टीम से भी बाहर रखा गया है। पंत को एनसीए जाने की वजह से उन्हें दौरे से बाहर किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पंत घुटने की समस्या से परेशान हैं और इसी वजह से वह श्रीलंका के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। वह कुछ समय इससे है। कथित तौर पर उन्हें उपचार के लिए दो सप्ताह के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाने के लिए कहा गया है।

### मेसी ने जीवा को भेजा स्पेशल गिफ्ट

**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के कप्तान और स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने इस महीने की शुरूआत में अपने जीवन भर का सपना पूरा किया जब उन्होंने अपनी टीम को कतर में फीफा विश्व कप 2022 का खिताब जीताया। मेस्सी ने अपने सबसे कम उम्र के प्रशंसकों में से एक को भी खुश किया और हाल ही में सात वर्षीय जीवा धोनी को विशेष रूप से हस्ताक्षर वाली अर्जेंटीना की जर्सी भेजी। जीवा पूर्व भारतीय कप्तान और मौजूदा चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बेटी हैं। मेसी ने जय शाह को एक हस्ताक्षरित जर्सी भेजी थी।




**मेजबानी** ओलिंपिक की दावेदारी पेश करेगा भारत, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा

# ओलिंपिक होस्ट करने के लिए 2036 सही समय

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत 2036 ओलिंपिक होस्ट करने जा सकता है। अनुराग ठाकुर ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत 2036 ओलिंपिक्स की मेजबानी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इसे पूरा करने के लिए वे इंडियन ओलिंपिक कमेटी को एक रोडमैप देंगे। ठाकुर ने कहा कि सरकार खेलों की मेजबानी के लिए भारतीय ओलिंपिक संघ की बोली का समर्थन करेगी और गुजरात की राजधानी अहमदाबाद विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे के साथ होस्ट सिटी बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने पहले 1982 के एशियाई खेलों और 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। अब भारत ओलिंपिक होस्ट करने के लिए तैयार है। खेल मंत्री अनुराग ठकुर ने कहा कि, अगर भारत इतने बड़े पैमाने पर जी-20 प्रेसिडेंसी की मेजबानी कर सकता है, तो मुझे यकीन है कि सरकार आईओए के साथ देश में ओलिंपिक की मेजबानी कर सकता है। हमे उम्मीद है कि भारत ओलिंपिक के लिए पूरी तरह से तैयारी करेगा और बोली लगाएगा।



### गुजरात ने कई बार मेजबानी में दिखाई है रुचि

**ठाकुर** ने कहा कि, गुजरात ने कई बार ओलिंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई है। उनके पास इंफ्रास्ट्रक्चर है- होटल, हॉस्टल, एयरपोर्ट और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी। गुजरात में ओलिंपिक की मेजबानी के लिए राज्य सरकार ने चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में भी इसका जिक्र किया है। भारत ओलिंपिक 2028 या 2032 के लिए इसलिए बिड नहीं कर सकता क्योंकि, इसे होस्ट करनेवाले देश पहले ही डिसाइड हो चुके है। 2026 में फ्रांस, 2028 में अमेरिका और 2032 में ऑस्ट्रेलिया में ओलिंपिक गेम्स होंगे। 29 सितम्बर से 12 अक्टूबर 2022 के बीच गुजरात ने नेशनल गेम्स का 36वां एडिशन होस्ट किया था। इसमें अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में गेम्स खेले गए थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### हेरहंज पुलिस ने पोस्ते की लगी फसल को नष्ट किया

**हेरहंज।** लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर हेरहंज थाना पुलिस ने करवाई करते हुए सलैया पंचायत के काचा वह आसुवे के जंगल में लगे दस एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि पोस्ते की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया है। खेती किनके द्वारा किया गया है। उसकी जांच चल रही है। पोस्ते की खेती करने वाले को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही शामिल लोगों पर मामला दर्ज करते हुवे अग्रतर कारवाई की जाएगी।मौके पर थाना प्रभारी शुभम कुमार ,पुअनि बिश्वजीत तिवारी आई आर बी हुम्बू पिकेट के सशस्त्र बल के जवान व हेरहंज थाना के रिजर्व बल के जवान शामिल थे।

### नये ट्रांसफॉर्मर के लिये ग्रामीणों ने जताया आभार

**गुमला।** ग्रामीणों के द्वारा एक साल से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को लेकर मिशन बदलाव सदस्यों को अवगत कराया था। ये सभी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के द्वारा प्रसाशन को कई बार आवेदन देने के बावजूद पदाधिकारी के द्वारा अनसुना कर दिया जाता था। जब मिशन बदलाव सदस्य बुधेस्वर उराव और गंगा उराव के द्वारा ये समस्याओं को मिशन बदलाव के समक्ष लाया गया।टीम के द्वारा पूरी समस्याओं के समाधान के लिये जिला के पदाधिकारियों के द्वारा विभीषण माध्यम से अवगत कराया गया। ये सभी मामलों को प्रसाशन ने गंभीरता से लिया और त्वरित एक्शन लिया। ये सभी समस्याओं के समाधान के बाद ग्रामीणों के द्वारा मिशन बदलाव,प्रसाशन एवं मीडियाकर्मियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

## बम्बलकेरा में खुटकटी जतरा महोत्सव का आयोजन

# खुटकटी में आने वाले जमीन और जंगल का मालिक है मुंडारी : संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड कबम्बलकेरा में खुटंकटीदारों की जतरा महोत्सव के आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर मुंडा समुदाय के लोगों के द्वारा उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया । इस मौके पर उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने मुंडा खुटंकटीदारों की के अधिकार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि मुंडारी खुटकटी अधिकार भारत में एक अनूठा अधिकार सरकार द्वारा प्राप्त है। इस अधिकार को पाने के लिए मुंडा समाज ने काफी संघर्ष किया है। फलस्वरूप छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 खासतौर पर आदिवासी समाज को मिला। उसी अधिनियम में मुंडारी खुटकटी अधिकार के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। इसमें मुंडारी खुटकटीदार मुंडारी खुटकटी में आने वाले जमीन एवं जंगल का मालिकाना हक प्राप्त है। आगे यह भी कहा कि इस अधिकार में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अधिकार प्राप्त जमीन का मालगुजारी सीधे रुप से सरकार को दबाव के साथ देय नहीं होता है। सरकार को स्वेच्छा से बख्शीस के रूप में देने का प्रावधान है। वर्तमान समय में सरकार के द्वारा ऑनलाइन मालगुजारी की व्यवस्था की गई है। इसमें मुंडारी खुटकटीदारों का शेष राशि जमा करने की व्यवस्था नहीं की गई है। जो मुंडारी खुटकटीदारों के लिए होनी चाहिए। चूंकि मुंडा समाज के लिए एक अनूठा विशेष अधिकार प्राप्त है। जो इनका विशेष पहचान और अस्तित्व निहित है। इस लिए सरकार को इसे संरक्षण देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के लिए हम सभी को आगे आने की आवश्यकता है इसीलिए सभी लोग अपने हक अधिकारों को पहचान करें जिससे कि सभी लोग इस पर जागरूक हो सके। वह इस मौके पर नृत्य दल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला समूह को स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील सुरीन,आर्थर बुढ़, अजित मुकुट हेमरोम सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# 16 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो धराये



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सप्लाई के लिये ड्राई स्टेट बिहार ले जाए जा रहे लाखों रुपये के अवैध अंग्रेजी शराब के खेप को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वशिष्टनगर जोरी थाना के समीप से अभियान चलाकर जब्त किया। पुलिस टीम ने इंडिका कार के तलाशी के क्रम में 16 कार्टून में पैक अवैध अंग्रेजी शाराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्टनगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर व सशस्त्र बल की टीम ने थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दो तस्कर सदर थाना क्षेत्र के गंगाजीत व अव्वल मोहल्ला फारेस्ट कॉलोनी के रहने वाले छोटू कुमार सिंह व उमेश कुमार को गिरफ्तार करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त टाटा इंडिका कार, विभिन्न कंपनियों का दो मोबाईल व तस्करी के लिये भेजा जा रहा रॉयल स्टैग कंपनी का 16 कार्टून में बंद 375 एमएल का 384 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। दो तस्करों को कांड दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### विधायक ने गिद्धौर में किया 12 योजनाओं का शिलान्यास

**गिद्धौर (चतरा)।** बुधवार को सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में विधायक मद से निर्माण होने वाले 12 योजनाओं का शिलान्यास किया। बताया गया कि योजना के कार्यों पर करीब 65 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक ने इस दौरान दुआरी में अंबेडकर भवन की मरम्मती, मंझगांवा में फेवर ब्लॉक, बारिसाखी के मायाडिह में अंबेडकर भवन निर्माण, गांगपुर के शिव मंदिर की सुंदरीकरण सह फेवर ब्लॉक, गिद्धौर मुख्य चौक से सुभाष दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, शिशु विद्या मंदिर परिसर में फेवर ब्लॉक, केंदुआ समुदायिक भवन की चहारदीवारी, पांडेबागी में अंबेडकर भवन के साथ-साथ अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया। सभी योजनाएं ढाई लाख से छह लाख रुपए की लागत से निर्माण करायी जांएगी।

# कर्मियों की कमी से प्रमुख ने डीसी को कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड व अंचल कार्यालय में कर्मियों की कमी से प्रमुख मिकी देवी ने उपायुक्त अब्बू इमरान व विधायक किशुन कुमार दास को अवगत कराते हुए नियुक्ति की मांग की है। प्रमुख ने इस संबंध में बताया है कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में कर्मियों की कमी रहने के कारण जनहित कार्यों का निपटारा ससमय नहीं हो पा रहा है। साथ ही अभी प्रखंड में प्रतिनियुक्त आधा दर्जन कर्मी बिमार चल रहे हैं, जिसके कारण अवकाश लेकर इलाजरत हैं। इस हालात को देखकर उपायुक्त व विधायक का ध्यानाकर्षण कर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। इस पर संज्ञान लेते हुए सिमरीया विधायक किशुन कुमार दास ने उपायुक्त को जल्द से जल्द मयूरहंड प्रखंड व अंचल कार्यालय में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करवाने को लेकर पत्र प्रेषित किया है।



# आकलन परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाने से सहायक अध्यापकों ने सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रमाण पत्रों का सत्यापन नही होने से आकलन परीक्षा फार्म नहीं भरे जाने के कारण आक्रोशित सहायक अध्यापकों ने बीईईओ की अनुपस्थिति में बीपीओ तहमीना प्रवीण को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि सभी सहायक अध्यापकों का आगामी 31 दिसंबर तक आकलन परीक्षा फार्म भरे जाने का समय निर्धारित है, परंतु प्रमाण पत्रों की जांच नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक आकलन परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो रहे हैं। सहायक अध्यापकों ने सभी प्रमाणपत्रों की जांच पूर्ण कराते हुए आकलन परीक्षा फॉर्म भरवाने की मांग किया है सहायक अध्यापक संघ ने कहा है कि निर्धारित समय से पूर्व प्रमाण पत्रों का जांच पूर्ण नहीं कराया गया तो सभी सहायक अध्यापक प्रखण्ड संसाधन केन्द्र अधौरा (नगर उंटारी) में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। संघ के प्रखंड अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप देव ने कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण प्रखंड के सैकड़ों सहायक अध्यापक आकलन परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो रहे हैं इसकी सारी जिम्मेवारी विभाग की होगी, क्योंकि विभाग के द्वारा 15 नवंबर 2022 तक ही प्रमाण पत्रों की जांच पूर्ण कर लेने का आदेश जारी किया गया था लेकिन आज तक जांच पूर्ण नहीं हो सका है। मौके पर संघ के सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता, परवेज आलम, सीमा देवी, नंद कुमार राम, रामचंद्र बैठा, रामगृह पाल, वीरेंद्र कुमार यादव, इसरार अहमद, अरुण कुमार कश्यप, उस्मान अंसारी, अरविंद कुमार ठाकुर, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, कुमारी पुष्पा, शांति मिंज,शैलेंद्र प्रताप देव, कृष्णानंद प्रसाद, श्यामलाल राम, अजय कुमार कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार देव, प्रियंका पांडेय, सुशील पांडेय, संजय कुमार, विनोद राम, राकेश कुमार वर्मा, अजीत कुमार तिवारी, चंचला कुमारी, कुमारी सुनीता, अलीम अंसारी, बबीता कुमारी आदि मौजूद थे।



# आग लगने से मकान जल कर खाक, मुआवजे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के आरा ग्राम में अहले सुबह 4 बजे ग्राम निवासी मोहन राणा का मकान अज्ञात कारणों से जल गया। घर के परिवार को जब आग लगने का अहसास हुआ तो शोर मचाने के बाद आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से आग को पर काबू पाया गया तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। घर में रखे अनाज और कीमती सामान पूरा तरह जल गया घर के लोग इस कड़कती ठंड में घर से बेघर हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री विजय यादव आरा ग्राम में पीड़ित परिवार से मिले घटना का जायजा लिया।और हुए नुकसान की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को भारत बनवाते हुए सरकार से यथाशीघ्र आवास और उचित मुआवजा की मांग की । मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ,एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, विजय यादव, मुखिया परमेश्वर ओरांव, राजेंद्र साव ,राजेश राम तुलसी प्रसाद धर्मेंद्र कुमार भोला राणा महेंद्र, मोहन राम, बिगनी देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



## व्यापार की खबरें

# शेयर बाजार में तेजी : सेंसेक्स मामूली बढ़कर 60,950 के करीब पहुंचा

**एजेंसी। मुंबई**


शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार को फ्लैट कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स 115 अंकों की गिरावट के साथ 60811 के स्तर पर और निफ्टी 47 अंकों की गिरावट के साथ 18084 पर खुला था। हालांकि अब बाजार में मामूली बढ़त है। सेंसेक्स 60,950 के करीब कारोबार कर रही है। वहीं निफ्टी 18130 के करीब है। सुबह करीब 11.15 बजे सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में तेजी थी। टाइटन 3% से ज्यादा चढ़ा है। एम एंड एम, मारुति, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी के शेयर 1% से ज्यादा बढ़े हैं। बैंकिंग शेयर एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी खरीदारी देखी जा रही है। एयरटेल, रिलायंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, ळउर में गिरावट का रुख है। अडाणी विल्मर के शेयरों में आज अपर सर्किट लगा है। 5% की तेजी के साथ यह 578 रुपए के स्तर पर है। दरअसल कंपनी के 80 करोड़ शेयर का हैंड ट्रांसफर हुआ है। पेटीएम में भी विगत शानदार में भी तेजी थी। पेटीएम के शेयर भी करीब 4% बढ़कर 535 रुपए के स्तर पर पहुंच गए हैं।



# 8 प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री बढ़ी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश के आठ प्रमुख शहरों में आवास की मांग मजबूत बनी हुई है और अक्टूबर से दिसंबर की अवधि के दौरान इन शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़कर 80,770 इकाई रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले वर्ष की समान तिमाही में 67,890 आवासीय इकाइयां बिकी थीं। आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने अपनी ह्यरियल स्टेट इनसाइट' रिपोर्ट में बताया कि देश के आठ प्रमुख शहरों में इस साल अब तक आवास बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 3,08,940 इकाई पर पहुंच गई। 2021 में 2,05,940 इकाइयां बिकीं थीं। हाउसिंग डॉट कॉम के समूह मुख्य वित्तीय अधिकारी विकास वधावन ने कहा, आवास ऋण की ब्याज दरों में निरंतर वृद्धि के बावजूद ग्राहक ब्याज दरों को लेकर परेशान होने के बजाए कम दाम पर सौदा तय कर लेना चाहते हैं।" आंकड़ों के मुताबिक, अहमदाबाद में आवास बिक्री पिछले वर्ष अक्टूबर-दिसंबर की 5,420 इकाई की तुलना में इस वर्ष 23 फीसदी बढ़कर 6,640 इकाई हो गई। पिछले वर्ष कुल 16,880 इकाई बिकीं थीं जो 2022 में 62 फीसदी बढ़कर 27,310 इकाई हो गईं। बेंगलुरु में यह 30 फीसदी की गिरावट के साथ 6,560 इकाई रही जो पिछले वर्ष अक्टूबर से दिसंबर के बीच 9,420 इकाई थी। हालांकि यहां सालाना आधार पर बिक्री 22 फीसदी बढ़कर 30,470 इकाई रही है जो 2021 में 24,980 इकाई थी। चेन्नई में समीक्षाधीन तिमाही में आवास बिक्री दो फीसदी गिरकर 3,160 इकाई रही जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 3,210 इकाई थी। हालांकि पूरे साल में आवास बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी है और 2022 में 14,100 इकाई बिकी हैं जबकि 2021 में 13,050 इकाई बिकी थीं। दिल्ली-एनसीआर में भी अक्टूबर-दिसंबर 2022 में बिक्री तीन प्रतिशत कम होकर 4,280 इकाई रही। 2021 की समान तिमाही में यह 4,430 इकाई थी।



## घबराया चीन — कोरोना के खौफ के बीच डूबते बिजनेस से डर गया चीन

# अचानक पाबंदियां हटाने को लेकर उठ रहे सवाल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोरोना का प्रकोप एक बार फिर दुनिया में बढ़ता जा रहा है। चीन में तो हालात बेकाबू हो चुके हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक्सपर्ट्स मान रहे हैं अगले 90 दिनों में चीन की 60 फीसदी संक्रमित हो सकती है। लेकिन एक ओर जहां कोरोना का अटैक लगातार बढ़ रहा है, वहीं चीन ने आनन-फानन में लोगों की जान की परवाह किए बगैर सभी तरह की पाबंदियां हटा दी हैं। सख्त जीरो कोविड पॉलिसी लागू करने वाले चीन ने आखिर ऐसा चौंकाने वाला फैसला क्यों लिया। पड़ोसी देश चाईना का वुहान आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। यहीं से शुरूआत हुई थी कोरोना वायरस की और देखते ही देखते पूरी दुनिया चपेट में आ गई। लाखों लोग काल के गाल में समा गए। कोविड-19 की एक के बाद एक लहर ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया था। तमाम देशों में वैक्सीनेशन के रफ्तार तेज होने से इस पर काबू पाने में सफलता मिली ही थी, कि एक बार फिर चीन से कोरोना के नए वेरिएंट का प्रकोप शुरू हो गया। फिलहाल, चीन और जापान में तो हालात बुरे हैं ही। इसकी जद में अमेरिका, ताइवान समेत कई देश आ चुके हैं। भारत में भी इस बीएफ7 वेरिएंट के चार केस मिल चुके हैं। खास बात ये है जब बेकाबू होते कोरोना को रोकने के लिए चीन को सख्त कदम उठाते हुए आगे बढ़ना चाहिए, ऐसे समय में उसने सभी तरह की पाबंदियों को हटाने का फैसला किया। चीन ने ऐलान किया है कि 8 जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्वारंटीन जरूरी नहीं होगा। यानी, चीन आने वाले विदेशी यात्रियों को क्वारंटीन रहने की जरूरत नहीं होगी। इतना ही नहीं, चीन ने अब कोरोना वायरस को बहुत ज्यादा संक्रामक बीमारी भी मानने से कन्नी काट ली है और कोविड को 'ए' कैटेगरी से हटाकर 'इ' में डाल दिया है। वहीं सिर्फ दिसंबर 2022 की ही बात करें तो साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने लीक दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया है कि खुद चीन के नेशनल हेल्थ कमिशन का मानना है, '1 से 20 दिसंबर के बीच देश में करीब 25 करोड़ लोग कोविड से संक्रमित हो चुके हैं।' क्या उसे अपने नागरिकों की जान की परवाह नहीं है? इसका एक बड़ा कारण आर्थिक पहलू से जुड़ा हुआ भी हो सकता है। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है। जिस तरह कोरोना की बीती लहरों के दौरान तमाम देशों में आर्थिक हालात बदतर हुए थे, चीन इस मामले में खुद को पिछड़ता हुआ नहीं देखना चाहता, चाहे इसके एवज में उसे अपने नागरिकों की जान से खिलवाड़ ही क्यों न करना पड़े। यह रिपोर्ट भले ही चीन के लिए विनाशकारी हो, लेकिन भारत के लिए ये आपदा में अवसर की तरह है। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन से जितने निवेशक या कंपनियां बाहर निकलेंगी।



**चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है**

**25 करोड़ लोग कोविड से संक्रमित हो चुके हैं**

**8 जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्वारंटीन जरूरी नहीं होगा**

## पेज एक के शेष

### स्वदेशी वस्तुओं को...

अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का परिभ्रमण किया तथा स्टॉल संचालकों से बातचीत कर उनका हौसलाअफजाई किया और उनके कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले इस निमित्त हम निरंतर प्रयासरत हैं। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव से क्षेत्रीय शिल्पकारों एवं कारीगरों को नई ऊर्जा के साथ-साथ उन्हें आत्मबल तथा सम्मान मिल रहा है।

### हेमंत सरकार @...

देखना है तो मन, आंख...सब खोल कर रखना होगा। अपराध का रिकॉर्ड : नेशनल क्राइम ब्यूरो ने जो रिकार्ड जारी किया है, उसमें झारखंड का रिकॉर्ड सुधरा हुआ नहीं दिख रहा है। दुमका में दो-दो बेटियों को जलाया गया। लव-जिहाद एंगिल वाले एक केस को अगर छोड़ भी दें तो इंसान का इंसान से टकराव बढ़ाने वाली कई घटनाएं हुई हैं। आदिवासी युवती को 50 से ज्यादा टुकड़ों में काटने वाली घटना को कैसे भूल सकते हैं आप? फिर, आपको चोरी, छिनतई, डकैती, लूट-मार की घटनाओं को भी नहीं भूलना चाहिए। बेशक ये भीतरी-बाहरी लोगों का ही कारनामा होगा, लेकिन परेशान तो राज्य की जनता ही हुई न।

**राजनीतिक स्थिरता कितनी :** बीते तीन सालों को देखें तो भाजपा लगातार हेमंत सरकार पर हमलावर है। विपक्ष की चाहत यह है कि सरकार अपदस्थ हो। देशभर में यही एक मैसेज भेजा गया कि झारखंड में अस्थिर सरकार है। एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने में भाजपा या अन्य पार्टियां कितनी कामयाब हुई, यह आप तय करें। एक कड़वा सत्य यह है कि भाजपा को जहां सरकार को समर्थन करना चाहिए था, वहां भी वह पीछे हटती नजर आई। नियोजन नीति के मुद्दे पर ही जब सभी दलों के लोग राज्यपाल से मिलने गए थे, तब भाजपा ने खुद को अलग कर लिया था। उस शिष्टमंडल में मोटे तौर पर सभी पार्टियां थी। बस, भाजपा नहीं थी।

**2023 कैसा होगा :** सरकार चलाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार के पास नंबर पूरे हैं। सरकार को गिराने वाले लोग अब थक चुके हैं। हालांकि, सरकार को देखते रहना होगा कि कोई भितरघात न करे। वैसे, जो झारखंड का मैनपावर है, उसे अगर सरकार सही तरीके से मैनेज कर ले तो बिना किसी बाहरी मदद (दिल्ली की मदद के बगैर) बहुत सारा काम हो सकता है। उम्मीद तो यही की जानी चाहिए कि 23वें साल में जब झारखंड प्रवेश करे तो लोगों की आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने हों। वैसे, इन तीन सालों में सब खराब ही नहीं हुआ है। मूलभूत सुविधाओं से लेकर कनेक्टिविटी तक, पुरानी पेंशन योजना से लेकर बीमा योजना तक, सड़कों के संजाल से लेकर एजुकेशन तक, हेल्थ से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक अनेक बेहतरीन काम हुए हैं। लेकिन, ये झारखंड है। यहां बहुत काम करने की जरूरत है। नेचुरल रिसोर्सेज को सही तरीके से यूटिलाइज करने के साथ ही हम टूरिज्म सेक्टर के क्षेत्र में अपनी आमदनी को 100 गुना तक भी बढ़ा सकते हैं।

### घाटी को दहलाने...

ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान चारों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ के बारे में सेना के अधिकारियों ने बताया : ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके-47 राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। पाकिस्तान से घुसपैठ के बाद आतंकवादी एक ट्रक में सवार हो कश्मीर की तरफ जा रहे थे। उधर, पुलिस अधिकारियों ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी कामयाबी बताया और कहा कि 26 जनवरी के जश्न से पहले (बरामदगी के बाद) सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सभी एक साथ हाई अलर्ट पर हैं। सीमा पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है और शिविरों को भी अधिक सुरक्षित किया गया है। यही वजह है कि हम उनकी साजिश को नाकाम करने में सफल रहे।

### झारखंड की एक्ट्रेस...

चला दी गयी। घटना के बाद किसी को अपने आसपास नहीं देखने पर उनके पति ने गाड़ी चलाते हुए राजापुर थाना पिरतल्ला पहुंच कर स्थानीय पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को बरामद किया है और जांच शुरू कर दी है। रिया कुमारी के पति प्रकाश कुमार फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्होंने कई शॉर्ट और ऐड फिल्मों को बनाया है। वे माइंस का कारोबार भी करते हैं। इस घटना पर हावड़ा ग्रामीण की पुलिस स्वाति ने कहा कि हम लोग अलग से वेरिफिकेशन कर रहे हैं। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। प्रकाश को लेकर जहां घटना घटी वहां पर जाकर री-कंस्ट्रक्शन करने की कोशिश करेंगे।

### भारत के लिए...

प्रतिशत की दैनिक संक्रमण दर और 0.18 प्रतिशत की साप्ताहिक संक्रमण दर के साथ कोरोना के 188 नए मामले दर्ज किए। विशेषज्ञों का कहना है कि दैनिक मामलों की निगरानी की जानी चाहिए। शुरू में हवाई अड्डे पर लैंड करनेवाले यात्रियों की रैंडम जांच होने लगी है और यदि मामले बढ़ते हैं तो उनकी नियमित जांच होनी चाहिए। इस बीच, खबर है कि सरकार अगले सप्ताह से चीन और पांच अन्य देशों से आनेवाले यात्रियों के लिए निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य कर सकती है। जनवरी में कोरोना के मामले बढ़ने की आशंकाओं के बीच स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियों में जुट गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि यदि लहर आती भी है तो मौत और अस्पताल में भर्ती का आंकड़ा बेहद कम रहेगा। एक अधिकारी के अनुसार पहले यह पाया गया था कि पूर्वी एशिया के कोविड-19 की चपेट में आने के 30-35 दिन बाद भारत में महामारी की एक नई लहर आई थी।

